वर्ष : 33 ▸ अंक : 111 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 7 जुलाई 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

बजट सत्र का ऐलान

22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा बजट सत्र

23 जुलाई को पेश होगा मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट

एजेंसी । नई दिल्ली

मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट 23 जुलाई को पेश होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी। बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। वे ऐसा करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दे दी है। यह बजट नई सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। फरवरी में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था।

टैक्स में राहत और किसानों पर फोकस रह सकता है यह बजट

- यह बजट मिडिल क्लास को टैक्स में छूट देने, महिला सशक्तिकरण, किसानों की आय बढ़ाने और रोजगार पर फोकस रह सकता है।
- स्टैंडर्ड डिडक्शन लिमिट 50,000 से बढ़ाकर 1,00,000 की जा सकती है।
- डिफेंस, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में भी कई घोषणाएं हो सकती हैं।
- स्टार्टअप पर लगने वाले एंजल टैक्स को कम करने पर विचार कर सकती है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स सब-असेंबली और कंपोनेंट के लिए 40,000 करोड़ की PLI स्कीम की संभावना है।
- इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (IBC) 2.0 में संशोधन लाया जा सकता है।
- आंध्रप्रदेश को 1 लाख करोड़ का स्पेशल पैकज मिल सकता है।
- 1 फरवरी 2024 को पेश हुआ था अंतरिम बजट

निर्मला नया रिकॉर्ड बनाएंगी, मोरारजी देसाई ने लगातार छह बार पेश किया था बजट

निर्मला 23 जुलाई को बजट पेश करते ही लगातार सातवीं बार ऐसा करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे। हालांकि मोरारजी ने सबसे ज्यादा 10 बार बजट पेश किया। उनके बाद पी. चिदंबरम और प्रणब मुखर्जी ने 9 बार, यशवंत राव चव्हाण, सीडी देशमुख और यशवंत सिन्हा ने 7 बार बजट पेश किया। मनमोहन सिंह और टी. कृष्णमचारी 6 बार बजट पेश कर चुके हैं।

1 फरवरी 2024 को पेश हुआ था अंतरिम बजट

इस साल अप्रैल, मई में लोकसभा चुनाव होने थे, लिहाजा सरकार ने 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया था। निर्मला ने अपने बजट को गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता यानी किसान पर फोकस किया था।

वायकर पर मेहरबानी पक्ष विपक्ष में तनातनी

मुंबई पुलिस ने बीएमसी प्लॉट मामले में दाखिल की क्लोजर रिपोर्ट

- ▸▸ क्लोजर रिपोर्ट में शिवसेना सांसद रवींद्र वायकर को क्लीन चिट दी
- ▸▸ उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने फडणवीस पर साधा निशाना

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री रवींद्र वायकर के उद्धव ठाकरे की पार्टी से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के कुछ ही महीने बाद, मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने यहां एक आलीशान होटल के निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामले को बंद करने के सिलसिले में एक रिपोर्ट दाखिल की है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

'बीएमसी की शिकायत अधूरी जानकारी और गलतफहमी पर आधारित'

अदालत में दायर सी-समरी रिपोर्ट में, जांचकर्ताओं ने कहा कि बीएमसी की ओर से दायर की गई शिकायत अधूरी जानकारी और गलतफहमी पर आधारित थी। सी-समरी रिपोर्ट उन मामलों में दायर की जाती है जहां एफआईआर में तथ्य की गलती पाई जाती है। एक अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए कहा, "शिकायतकर्ता अधिकारियों और आरोपी पक्षों के बयान दर्ज करने और बीएमसी के दस्तावेजों की जांच करने के बाद, ऐसा लगता है कि वायकर और अन्य आरोपियों द्वारा विकास नियंत्रण और संवर्धन विनियमन के तहत होटल के निर्माण की अनुमति लेने का मामला आपराधिक नहीं है बल्कि यह एक प्रशासनिक शिकायत है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि मामले में आरोपी लोगों को कोई लाभ मिला है या नहीं।"

पार्क के लिए आरक्षित जमीन पर बनाया था होटल

एफआईआर के मुताबिक, जोगेश्वरी में प्लॉट पर खेल सुविधा चलाने की अनुमति मिलने के बाद वाईकर ने बीएमसी के साथ एक करार किया था। यह अनुमति तब दी गई थी जब महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार सत्ता में थी। 2023 की शुरुआत में एक सार्वजनिक पार्क के लिए आरक्षित जमीन के एक प्लॉट का इस्तेमाल होटल निर्माण के लिए करने पर उन्हें नोटिस जारी किया गया था।

रवींद्र वायकर, उनकी पत्नी और चार सहयोगियों के खिलाफ दर्ज था मामला

बीएमसी के उप-इंजीनियर संतोष मंडावकर द्वारा दायर शिकायत पर रवींद्र वायकर, उनकी पत्नी मनीषा, बिजनेस पार्टनर आसू नेहलानै, राज लालचंदानी और पृथपाल बिंद्रा और आर्किटेक्ट अरुण दुबे पर आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया गया था। मामला शुरू में आज़ाद मैदान पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था जिसके बाद जांच आर्थिक अपराध शाखा को ट्रांसफर कर दी गई थी।

विपक्ष ने शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा

वायकर के खिलाफ मामला बंद करना राज्य में पिछले 10 साल से जारी राजनीतिक 'ब्लैकमेल' का एक और उदाहरण है। भाजपा की वॉशिंग मशीन की क्रोनोलॉजी यह है कि पार्टी नेता किरीट सोमैया आरोप लगाएंगे, शिकायत दर्ज कराएंगे। जांच एजेंसियां छापे मारेंगी और आरोपी व्यक्ति व उसके परिवार को डराएंगी। उस व्यक्ति को भाजपा या उसके सहयोगी दल में शामिल होना होगा और फिर उसे क्लीन चिट मिल जाएगी।

– सचिन सावंत, कांग्रेस नेता

जांच एजेंसियों से डरकर वायकर भाग गए और हमें छोड़ दिया। अब उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। आप और क्या उम्मीद कर सकते हैं?

– संजय राउत, शिवसेना (यूबीटी) के नेता

जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत

एजेंसी । भुवनेश्वर

आषाढ़ मास की द्वितीया को होने वाले इस श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के भव्य आयोजन में देश-विदेश से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने के अनुमान है। वहीं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होने के लिए देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भुवनेश्वर पहुंच चुकी हैं। इस ऐतिहासिक यात्रा की सुरक्षा के लिए पुलिस ने चौक-चौबंद व्यवस्था की है।

एआई से लैस कैमरे-ड्रोन रखेंगे नजर- एडीजी

एडीजी (कानून व्यवस्था) संजय कुमार के हवाले से कहा गया है कि पुलिस पहली बार एआई कैमरों और ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। इससे भीड़ का पता लगाने, वाहन की गिनती करने और सही समय पर सही जानकारी प्राप्त करने की दिशा में मदद मिलेगी।

वर्ल्ड चैंपियन चारों खाने चित

116 रन नहीं बना सकी भारतीय टीम

जिम्बाब्वे ने पहले टी20 में 13 रन से हराया

एजेंसी । हरारे

जिम्बाब्वे के खिलाफ भारतीय टीम को पांच मैचों की टी 20 सीरीज के पहले मुकाबले में करारी हार का सामना करना पड़ा। शुबमन गिल की कप्तानी में उतरी टीम इंडिया 115 रनों की छोटे लक्ष्य को भी पीछा नहीं कर पाई। जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाया।

भारतीय टीम हुई ऑल आउट

115 रनों की पीछा करने क्रीज उतरी टीम इंडिया को पहला झटका अभिषेक शर्मा के रूप में लगा था। वे शून्य पर आउट हुए। इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ ने 9 बॉल में 7 रन ही बना सके। रियान पराग 3 गेंदों में 2 रन ही बना पाए, जबकि रिंकू सिंह शून्य पर आउट होने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। कप्तान शुबमन गिल भी आउट हो गए, जिन्होंने 29 गेंदों में 31 रन बनाए। ध्रुव जुरेल 7 रन, रवि बिश्नोई 9 रन ही बना पाए। आवेश खान 16 रन बनाकर आउट हुए। मुकेश कुमार बिना खाते खोले पवेलियन लौट गए। वाशिंगटन सुंदर ने अंतिम में शानदार 27 रनों की पारी खेली, लेकिन टीम को जीताने में कामयाब नहीं हुए।

जिम्बाब्वे ने बनाए थे 115 रन

जिम्बाब्वे की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ाती नजर आई थी। लेकिन खिलाड़ियों ने किसी तरह अपनी टीम की जीत के लिए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर कुल 115 रन बनाए।

जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने किया कमाल

पांच मैचों की टी 20 सीरीज के पहले मैच में जिम्बाब्वे के गेंदबाजों का बोलबाला रहा। जिम्बाब्वे की ओर से टेंडाई चतरा और कप्तान सिकंदर रजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट लिए। जबकि, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्रायन बेनेट, ब्लेसिंग मुजरबानी, ल्यूक जोंगवे को एक-एक विकेट मिले।

रवि बिश्नोई ने चटके 4 विकेट

भारत की ओर से युवा स्पिनर रवि बिश्नोई ने अपने 4 ओवर के स्पेल में मात्र 13 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने दो मेडन ओवर भी किया। वाशिंगटन सुंदर ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर महज 11 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जबकि, तेज गेंदबाज आवेश खान और मुकेश कुमार को 1-1 विकेट मिले। खलील अहमद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों को आउट करने से चूक गए और उनके खाते में एक भी विकेट नहीं गए।

जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ीं

अब सीसीटीवी रिश्वत मामले में होगी जांच

एजेंसी । नई दिल्ली

जेल में बंद दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुसीबतें और बढ़ गईं हैं, क्योंकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शहर में सीसीटीवी लगाने से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जांच की सिफारिश को मंजूरी दे दी है। इस बात की जानकारी शनिवार को राज निवास के अधिकारियों ने दीं।

जैन पर क्या है आरोप?

राज निवास के अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा मामले में जैन पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाने में देरी के लिए एक कंपनी पर लगाए गए 16 करोड़ रुपए के जुर्माने को माफ करने के लिए 7 करोड़ रुपए की रिश्वत ली थी।

कसारा स्टेशन के पास टला बड़ा हादसा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

ठाणे के कसारा रेलवे स्टेशन के पास शनिवार सुबह बड़ा हादसा हुआ है। पंचवटी एक्सप्रेस की कंपलिंग टुट जाने से एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बे अलग हो गए। कुछ दूर जाने के बाद इंजन और कोच रुक गए। हालांकि इस घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ।

कसारा रेलवे स्टेशन पर अलग हो गए एक्सप्रेस के डिब्बे

नासिक और मुंबई के बीच परिचालित होने वाली एक एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बे शनिवार सुबह ठाणे के कसारा में अलग हो गए। इस घटना में किसी भी यात्री के हताहत होने की जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि डिब्बे को आपस में पुनः जोड़े जाने में 40 मिनट लगे, जिसके बाद रेलगाड़ी गंतव्य की ओर रवाना हुई।

दो हिस्सों में बटी पंचवटी एक्सप्रेस

मामले की करेंगे जांच : सीपीआरओ

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि पंचवटी एक्सप्रेस नासिक जिले के मनमाड जंक्शन से मुंबई के लिए रवाना हुई थी लेकिन मुंबई से लगभग 128 किलोमीटर दूर कसारा रेलवे स्टेशन पर इसके डिब्बे अलग हो गए। उन्होंने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब ट्रेन सुबह करीब 8.40 बजे कसारा स्टेशन से निकल रही थी। ट्रेन के कोच नंबर चार और पांच एक दूसरे से अलग हो गए थे। हम जांच करेंगे कि ये डिब्बे क्यों अलग हुए।" पंचवटी एक्सप्रेस मुंबई और मनमाड जंक्शन के बीच चालती है। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि हादसे में किसी के भी हताहत की जानकारी नहीं है। उस लाइन पर ट्रेन सुचारु रूप से चल रही है।

पंचवटी एक्सप्रेस 2019 में भी हुई थी हादसे का शिकार

जानकारी के लिए बता दें कि इससे पहले साल 2019 में भी पंचवटी एक्सप्रेस हादसे को शिकार हुई थी। इस दौरान भी कंपलिग टुट जाने रेलवे के के डिब्बे अलग हो गए थे और इंजन व दो डिब्बे अलग चले गए थे। इस दौरान यात्रियों को काफी मशक्कत भी करनी पड़ी थी। वहीं लोकल सेवा भी प्रभावित हुई थी।

एक बार फिर दिखेगी NDA और INDIA ब्लॉक की टक्कर

7 राज्य की 13 विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद देश भर के अलग-अलग 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। इन राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु शामिल है। 13 सीटों पर उपचुनाव का नोटिफिकेशन 14 जून को जारी हुआ था।

13 जुलाई को आएंगे नतीजे

दरअसल, 10 जुलाई को बिहार की एक, बंगाल की 4, तमिलनाडु की 1, मध्य प्रदेश की 1, उत्तराखंड की 2, पंजाब की 1, हिमाचल की 3 सीटों पर मतदान होगा। सारी प्रक्रियाओं के बाद अब 10 जुलाई को वोटिंग होनी है, जिसके नतीजे 13 जुलाई को आएंगे।

न्यायालय के आदेश पर टीएमसी अधिकारियों पर एसीबी ने की कार्रवाई

शिकायतकर्ता पर था झूठा मामला

दोपहर संवाददाता । ठाणे

माननीय न्यायालय के आदेश पर ठाणे महानगर पालिका (टीएमसी) के पांच अधिकारी और कर्मचारियों पर अपने पद का दुरपयोग कर निर्दोष शिकायतकर्ता के विरुद्ध झूठा मामला दर्ज करने पर ठाणे एसीबी ने ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 109,166,167 ,201,202,217,218,465,466,468,469,471,473,474, 476,और 511सह,34 भ्रष्टाचार प्रतिबन्धक अधिनियम 1988के तहत मामला दर्ज कराया है।

क्या है माजरा ?

बताया जाता है कि शिकायतकर्ता ने सूचना प्राप्ती के अधिकार के तहत जो जानकारी मांगी थी इसलिए टीएमसी अधिकारियों और कर्मचारियों ने झूठे दस्तावेज और झूठी जानकारी उन्हे दी गई थी। यह झूठे दस्तावेज और झूठी जानकारी शिकायतकर्ता को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रदान की गई थी। न्यायालय के आदेश अनुसार आरोपियों ने शिकायतकर्ता को झूठे दस्तावेज देकर उसे अपराधी सिद्ध करने के लिए टीएमसी अधिकारियों और कर्मचारियों ने परस्पर मिलकर नियमों की अवहेलना कर अपराधिक कृत्य किया था। ठाणे एसीबी ब्यूरो ने माननीय न्यायालय के आदेश पर टीएमसी के सभी 5 अधिकारी सहित कर्मचारियों पर ठाणे के नगर पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत अपराधिक मामले दर्ज किए हैं ।यह कार्यवाही एसीबी ब्यूरो ठाणे के पुलिस अधीक्षक सुनील लोखंडे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश तराडे के निर्देश पर की गई।

अधिकारियों और कर्मचारियों पर मामला दर्ज

ठाणे एसीबी ब्यूरो द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ठाणे एसीबी ने जिन अधिकारियों और कर्मचारियों पर मामला दर्ज कराया है उनमें,टीएमसी सचिव मनीष दिनेशचंद्र जोशी, कलवा प्रभाग समिति का अधिकारी सुरेश शिवराज राजपूत कनिष्ठ अभियंता रविन्द्र दत्तात्रय कासार,टीएमसी मुख्य प्रशासकीय कार्यालय के बालू हनुमंत पिचड़,और तत्कालीन उथलसर प्रभाग समिति के गगनसिंह दानसिंह थापा शामिल हैं। माननीय न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ठाणे मनपा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने निजी स्वार्थ और आर्थिक लाभ के लिए परस्पर मिलकर नियमों का दुरपयोग कर झूठे दस्तावेज और झूठी जानकारी दी थी।

गोदाम से 97 लाख का 1250 बोरी मखाना चोरी

मैनेजर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी मानकोली इलाके के एक गोदाम से 97.50 लाख कीमत के मखाने की 1250 बोरिया चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। नारपोली पुलिस ने मखाना व्यापारी की शिकायत पर गोदाम मैनेजर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दिया है।

केस फाइल

पुलिस के मुताबिक, भिवंडी के के ग्रामीण इलाके में बड़े पैमाने पर बेयर हाउस व गोदाम है। इन गोदामों में विभिन्न कंपनियों का माल इकट्ठा कर रखा जाता है।स्थानीय मानकोली इलाके के सागर कॉम्प्लेक्स में मीरारोड निवासी दिपेंद्र चंद्रसेन जैन का गोदाम है। जहां पर 9 जनवरी 2024 से 10 जून के बीच 1250 बैग (बोरियां) मखाना सफाई व छटाई के लिए आया था। जिसकी बाजार कीमत 95 लाख 50 हजार रूपये था।जिसे गोदाम मैनेजर विवेक कुमार रामवृक्ष शर्मा ने अपने आर्थिक फायदे के खातिर चोरी कर ली। जिसकी जानकारी मिलने पर मखाना व्यापारी दिपेंद्र जैन की शिकायत पर गोदाम के मैनेजर विवेक कुमार रामवृक्ष शर्मा के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर उसकी तहकीकात में जुट गई है। जिसकी आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक गणेश वडणे कर रहे हैं।

कांग्रेसी नेताओं की मुख्यमंत्री से मुलाकात

शहर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर उजाड़े गए लोगों को मुआवजा देने की मांग

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी शहर में समस्यायों का अंबार है। जिस के निदान के लिय कांग्रेसी नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल मुंबई विधान भवन में महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलकर शहर की समस्यायों का समाधान करने सहित कुछ खास मुद्दों पर चर्चा की और एक लिखित निवेदन देकर उसको जल्द हल करने की मांग की गई। इस प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस के पूर्व मंत्री व एमपीसीसी महासचिव तारिक फारूकी, वरिष्ठ नेता अनस अंसारी,भिवंडी उपाध्यक्ष सोहेल खान शामिल थे।

मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने मांग की है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए बगैर मुआवजा दिए किसी का भी मकान और दुकान न तोड़ा जाए, जिन लोगों को बेघर किया गया है उन्हें तुरन्त रहने की व्यवस्था फराहम किया जाए, ट्राफिक जाम से छुटकारा दिलाने के लिए के लिए जो दूसरे वैकल्पिक मार्ग है उनकी मरम्मत और सुधारा जाना चाहिए, जैसे शान्ति नगर पाइप लाइन के ऊपर से ब्रिज का काम किया जाए जिस से गैबी नगर शान्ति नगर, गायत्री नगर जहा एक बहुत बड़ी आबादी है, उधर से कल्याण ठाणे और मुंबई जाने वाले लोग आसानी से निकल सके ये शहर से बाहर निकलने का एक विकल्प बड़ा मार्ग बन सकता है। साथ ही बागे यूसुफ बिल्डिंग और चविंद्रा के तरफ से जो कई साल पहले 100 फिट का रोड पास है, उसे बनाना चाहिए, ताकि बंजार पट्टी नाका से धामनकर नाका, कल्याण रोड पर लगने वाली भारी ट्राफिक जाम से लोगों को राहत मिल सकें। महासचिव तारिक फारूकी, वरिष्ठ नेता अनस अंसारी ने बताया की उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा की भिवंडी शहर भारत का हिस्सा नहीं है क्या, जब देश के दूसरे शहर के लोगों को भरपूर मुआवजा दिया जाता है तो हमें क्यों नहीं, जबकि मुंबई में कलेक्टर की जमीन पर बने झोपड़े में रहने वालों को बदले में फ्लैट दिया जाता है।इसी तरह भिवंडीकारों को भी राहत दी जाए। इसके अलावा कई और मुद्दों पर बातचीत की गई।

मनपा अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से करोड़ों का भ्रष्टाचार: विधायक केलकर

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे से विधायक संजय केलकर ने राज्य सरकार के आम बजट पर टिप्पणी करते हुए ठाणे नगर निगम में भ्रष्टाचार का खुलासा किया.और उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि है कि जल आपूर्ति विभाग के संविदा कर्मचारियों और सीवेज उपचार केंद्र के माध्यम से ठाणे के करदाताओं का पैसा लूटा जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



अनधिकृत निर्माण का मुद्दा भी उठाया गया

बीजेपी के वरिष्ठ और दिग्गज नेता केलकर ने अनधिकृत निर्माण का मुद्दा भी उठाया। विधायक केलकर ने आरोप लगाया कि ठाणे में आज भी अनाधिकृत निर्माण जारी है और अधिकारी प्रति वर्ग फीट के हिसाब से पैसे ले रहे हैं । दरअसल अनधिकृत इमारतों के निर्माण की खराब गुणवत्ता के कारण ऐसी इमारतों के गिरने से लोगों की मौत हो रही है। विधायक केलकर ने सदन का ध्यान इस ओर दिलाया कि मुख्यमंत्री के कहने के बावजूद अधिकारियों और निर्माण मालिकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। केलकर ने सदन को अवगत कराया कि बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ कर्मचारियों पर काम का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। हर महीने बड़ी संख्या में कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं,इधर ठाणे नगर निगम के सभी विभागों में 50 फीसदी पद खाली होने से कार्यों में देरी होने लगी है. इसलिए ठाणे नगर निगम में भर्ती की जरुरत है।

पूरा मामला समझें

बताया जाता है कि ठाणे नगर निगम जल आपूर्ति विभाग में 513 अनुबंध कर्मचारी एक्वाडक्ट परिसंचरण के लिए काम कर रहे हैं,जबकि 126 पिसे टेमघर परियोजना में और कई अनुबंध कर्मचारी पंपिंग मशीनरी, डेटा संचालन, जल चैनल रखरखाव आदि के लिए काम कर रहे हैं। जबकि इन कर्मचारियों को कम से कम 31 हजार रुपये मासिक वेतन अपेक्षित है, उन्हें महज 12 से 15 हजार रुपये का वेतन ही दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरासर लूट है और यह लूट पिछले पांच वर्षों से चल रही है | जबकि पिछले दस वर्षों से संबंधित ठेकेदारों द्वारा उनकी भविष्य निधि राशि का भुगतान नहीं किया गया है। विधायक संजय केलकर ने मांग की कि यह भ्रष्टाचार संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से हो रहा है और शहरी विकास विभाग को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए.| उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में, ठाणे नगर निगम की स्थायी समिति ने कोपरी डिवीजन में पीपीपी आधार पर सीवेज उपचार संयंत्र स्थापित करने के लिए वी. ए. टेक को मंजूरी दी गई थी। लेकिन वास्तविक बिल कोपरी बायो टेक के नाम पर दिया गया.,लेकिन रखरखाव का कोई काम नहीं होने पर गलत भुगतान किया गया। दिलचस्प बात यह है कि दो करोड़ के बिल का भुगतान तत्कालीन कमिश्नर के आदेश के बिना ही कर दिया गया.\ अब ठाणे के विधायक संजय केलकर ने मांग की कि ठाणेकरों के टैक्स के पैसे से बेरोजगारों का पैसा लूटा जा रहा है| जबकि संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है | उन्होंने कहा कि यदि संबंधित अधिकारीयों को निलंबित नहीं किया गया तो ठाणे की जनता जन आंदोलन छेड़ देगी।

टीकाकरण बच्चों को बारह बीमारियों से बचाता है: डॉ. बुशरा सैयद

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी शहर में पांच वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण के संबंध में कल सरोजिनी महिला उत्कर्ष संस्था द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस में शहर के सभी उलमा इकराम को बुलाया गया था । शहर के मध्य जकात नाका स्थित होटल रामदेव बाइट्स के हॉल में आयोजित कार्यक्रम की संयोजक सरोजिनी महिला उत्कर्ष संस्था की अध्यक्ष सुजाता सिरके ने परिचयात्मक भाषण में कहा कि टीका करण के महत्व को जानने के लिए विद्वानों और उलमाए इकराम इसलिए आमंत्रित किया गया है की वह मस्जिदों और मदरसों से टीकाकरण का महत्व लोगों को बताना चाहिए क्योंकि लोग आपकी बातें सुनते हैं और विश्वास करते हैं।

संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले संपत्ति मालिकों को जब्ती की नोटिस

उल्हासनगर मनपा जब्त संपत्तियों की करेगी नीलामी

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर मनपा प्रशासन द्वारा अभय योजना लागू करने के बावजूद कर धारकों पर भारी मात्रा में संपत्ति कर बकाया है। अब मनपा प्रशासन ने आक्रामक रुख अपनाते हुए बकायदारों से कड़ाई से संपत्ति कर वसूला जाएगा।इसके लिए बड़ी संपत्तियों के मालिको व बकाएदारों को नोटिस जारी किए गए हैं और मनपा प्रशासन जल्द ही ऐसी संपत्तियों की नीलामी करने की बात मनपा आयुक्त अजीत शेख ने जानकारी दी है।



नोटिस का अनुपालन नहीं

मनपा प्रशासन ने बड़ी रकम बकाया रखने वाले मालिकों को समय-समय पर नोटिस जारी किए हैं, लेकिन फिर भी ऐसे संपत्ति मालिक इसका अनुपालन नहीं कर रहे हैं, अब ऐसे संपत्ति मालिकों के खिलाफ मनपा प्रशासन ने निर्धारक व संकलन अधिकारी नीलम कदम -बोडारे ने नोटिस जारी करने और जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी है उल्हासनगर- नटराज पैलेस में 10 संपत्तियां, महादेव पैलेस में 5 संपत्तियां, साईं रेजीडेंसी में 1 संपत्ति, प्रभु आस्था अपार्टमेंट में 1 संपत्ति, कुल 17 संपतिया है जो मनपा प्रशासन द्वारा जब्त की गई हैं, जिनकी नीलामी 10 जुलाई को उल्हासनगर के सभागृह में किये जाने की जानकरी आयुक्त अजीज शेख ने पत्रकारों को दी।मनपा के इस कार्यवाही से बकायदारों में हड़कंप मच गया है।

शहर में कुल 1,83,138 संपत्तियां

उल्हासनगर मनपा का सबसे बड़ा आय का महत्वपूर्ण स्रोत संपति कर है और उस संबंध में मनपा प्रशासन ने संपत्ति कर एकत्र करने के लिए संपत्ति कर में ब्याज माफ करके पांच से छह बार अभय योजना लागू की है। कुछ अपवादों को छोड़कर आम नागरिक नियमित रूप से संपत्ति कर का भुगतान करते हैं लेकिन बड़े संपत्ति मालिक संपत्ति कर का भुगतान करने से बचते हैं। शहर में कुल 1,83,138 संपत्तियां हैं, जिनमें से 1,38,920 आवासीय और 44,218 वाणिज्यिक और धर्मार्थ संस्थाएं हैं, जिनकी कीमत 80,94,043 रुपये है। 1करोड़ रुपये से अधिक के 15 बकायेदार हैं और उन पर 73,51,61,025 रुपये बकाया है।

बिजली बिल छूट की घोषणा से पावरलूम मालिकों में भ्रम की स्थिति

प्रदेश में बिजली बिल धारकों को राहत दी जाए: महेश चौघुले

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

राज्य के लूम मालिकों को बिजली बिल में राहत देने का फैसला राज्य कैबिनेट की कैबिनेट बैठक में लिया गया, जिससे भिवंडी के लूम मालिक इस बात से जरूर खुश हैं कि राज्य के लूम मालिकों को बिजली बिल में राहत मिलेगी। लेकिन भिवंडी पश्चिम के विधायक महेश चौघुले ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से दमनकारी शर्तों को रद्द करने और पावरलूम मालिकों को राहत देने का अनुरोध किया है। इस निर्णय के क्रियान्वयन में कुछ शर्तों के कारण राज्य में पावरलूम मालिकों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। बिजली बिल में छूट का लाभ उन्हें कैसे मिलेगा इस पर चर्चा चल रही है और लूम कंपोनेंट को कपड़ा उद्योग विभाग से निबंधित और स्वीकृत कराना जरूरी है और जिन पावरलूम व्यवसायियों को स्वीकृति मिल गयी है, उसे लेकर जटिल शर्त रखी गयी है। बिजली बिल में अतिरिक्त छूट में लगाई गई मुश्किल शर्तो को तत्काल हटाई जाए अन्यथा राज्य के करघा मालिक इस छूट के लाभ से वंचित हो जाएंगे, ऐसी आशंका महेश चौघुले ने पत्र में कही है।

आवेदन के लिए शिविर में उमड़ी भीड़

'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना'

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस एपी पार्टी ठाणे शहर जिले की ओर से मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के आवेदन भरने के लिए ठाणे में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है।आयोजकों का दावा है कि इस दो दिवसीय शिविर में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ठाणे के फ्लावर वैली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ठाणे शहर जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के आवेदन भरने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस योजना के तहत आवेदन दाखिल करने के लिए एनसीपी ने ठाणे सिटी जिले की ओर से शनिवार 6 जुलाई और रविवार 7 जुलाई को दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया है. 6 जुलाई को पहले दिन राज को भुगतान करने के लिए कार्यालय में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हाल ही में पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री अजीत पवार ने मेरी प्यारी बहन योजना की घोषणा की। इस योजना के तहत महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह देने की घोषणा के बाद एनसीपी के ठाणे शहर जिला अध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता आनंद परांजपे और प्रदेश महासचिव नजीब मुल्ला की पहल पर इस शिविर का आयोजन किया गया है ताकि महिलाओं को किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े. आवेदन जमा करने के लिए बकायदा प्रशिक्षण दिया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, आनंद परांजपे ने इस योजना की घोषणा करने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री अजीत दादा पवार और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस का आभार व्यक्त किया, क्योंकि यह योजना महिला विभाग के माध्यम से कुशलतापूर्वक कार्यान्वित की जा रही है और कल्याण, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे ने भी उन्हें विशेष धन्यवाद दिया।

नाबालिग मरीज से छेड़छाड़ करने पर डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले में स्थित वर्तक नगर इलाके में नाबालिग मरीज से छेड़छाड़ करने पर वर्तन नगर पुलिस स्टेशन में शनिवार को एक डॉक्टर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की छानबीन पुलिस कर रही है। वर्तक नगर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक योगेश शिरसाट के अनुसार वर्तक नगर इलाके में डॉक्टर गुलाब यादव (49) की क्लीनिक में पीड़ित 16 वर्षीय लड़की आई थी। उसी समय डॉक्टर ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की थी। इसके बाद लड़की ने अपने माता-पिता के साथ शनिवार को वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में आकर शिकायत दर्ज करवाया। इसी आधार पर पुलिस ने डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया और मामले की गहन छानबीन कर रही है।

उल्हासनगर मनपा एक माह तक लोगों को पढ़ाएगी सफाई का पाठ

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर में बढ़ती गंदगी, उससे क्या परिणाम होता है? इसे शहरवासियों को बताने के लिए एक जुलाई से 31अगस्त 2024 तक शहर के कोने-कोने में सफाई का संदेश दिया जा रहा है। इस अभियान में परिसर के प्रतिष्ठित व्यक्ति को साथ लेकर सफाई विभाग के लोगों को साथ लेकर स्थानीय लोगों में जनजागृति फैलाई जा रही है।

प्रतिदिन कई लाख खर्च करने के बावजूद सफाई नहीं

उल्हासनगर में सफाई को लिए करीबन बारह सौ मनपा कर्मचारी, कोणार्क कचरा उठाने व उल्हासनगर चार, पांच की सफाई का ठेका कोनार्क को दिया गया है। प्रतिदिन कई लाख खर्च करने के बावजूद सफाई नहीं हो पा रही है ।उल्हासनगर कचरा नगर बन गया है। इसी क्रम में 5 जुलाई 2024 को उल्हासनगर महानगरपालिका के प्रशासक / आयुक्त अजीज शेख, स्वास्थ्य उपायुक्त डॉक्टर सुभाष जाधव, डॉक्टर किशोर गवास, अतिरिक्त आयुक्त मनीष हिवरे, मुख्य स्वछता निरीक्षक एकनाथ पवार, विनोद केने, सार्वजनिक स्वच्छता निरीक्षक राजेश थेटे, गाविद, जितेंद्र राठी, इनके द्वारा संतोष नगर में “सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ” इस तरह का स्वच्छता जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राधाचरन करोतिया के साथ पैनल नंबर 12 के मुकादम हर्षल भेनवाल, ऋतिक गायकवाड अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस अभियान में उल्हासनगरवासियों से भी सफाई में सहयोग देने की अपील की गई।

रास्ता भटके पांच लड़कों को सात घंटे के अभियान के बाद बचाया गया

दोपहर संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पहाड़ी पर केकड़े पकड़ने के दौरान रास्ता भटके पांच लड़कों को कई राहत एजेंसियों ने शुक्रवार रात भर चले संयुक्त अभियान के बाद बचा लिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पांचों लड़कों में से तीन भाई हैं और अधिकतर की उम्र लगभग 12 साल है। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान सात घंटे तक चला।

संयुक्त अभियान के बाद बचाया गया

उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद आरडीएमसी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन विभाग और अन्य कर्मियों ने लड़कों को ढूंढने के लिए रात भर तलाश अभियान चलाया। तड़वी ने कहा, ‘‘बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण था क्योंकि टीम के सदस्यों को अंधेरे और बारिश के बीच खतरनाक पहाड़ी पर चढ़ना पड़ा। देर रात तीन बजे लड़कों को बचा लिया और उन्हें उनके माता-पिता के पास पहुंचा दिया गया।”

मुंब्रा पहाड़ी पर स्थित खादी मशीन इलाके में गए थे पांचों लड़के

ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा, ‘‘आजाद नगर इलाके में दरगाह गली के पांच लड़के शाम करीब पांच बजे केकड़े पकड़ने के लिए मुंब्रा पहाड़ी पर स्थित खादी मशीन नामक इलाके में गए थे, लेकिन वे रास्ता भटक गए जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया। उस समय वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने उन्हें मदद के लिए चिल्लाते हुए सुना, लेकिन वे उन्हें ढूंढ नहीं पाए। बाद में उन्होंने दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी।’’

अनमोल विचार कला को प्रेम की अभिव्यक्ति होना चाहिए : मार्क चागल

टीम इंडिया को 11 करोड़ पुरस्कार देने पर बवाल

कांग्रेस और शिवसेना ने उठाया सवाल

मुख्य बिंदु

- मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की थी 11 करोड़ रुपए देने की घोषणा
- विपक्ष ने कहा- सीएम शिंदे को अपनी जेब से देना चाहिए इनाम
- भाजपा ने कांग्रेस पर लगाया राजनीतिकरण करने का आरोप

नितिन तोरस्कर | मुंबई

महाराष्ट्र में विपक्षी दलों कांग्रेस और शिवसेना ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम को 11 करोड़ रुपये का इनाम देने की एकनाथ शिंदे सरकार की घोषणा पर सवाल उठाए हैं और आरोप लगाया है कि ऐसा करके सरकार अपनी पीठ थपथपाना चाहती है। विपक्षी दलों ने कहा है कि उन्हें क्रिकेटरों की उपलब्धि पर गर्व है, लेकिन राज्य के खजाने से 11 करोड़ रुपये देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी जेब से यह राशि देने को कहा है। दूसरी ओर भाजपा विधायक प्रवीण दरकेकर ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए उस पर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है।

विधान भवन में की गई थी घोषणा

बता दें कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 11 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की थी। यह घोषणा विधान भवन (राज्य विधानमंडल परिसर) में की गई, जहां टीम के चार खिलाड़ियों – कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया था।

खजाने से 11 करोड़ देने की क्या जरूरत?

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि राज्य के खजाने से 11 करोड़ रुपये देने की क्या जरूरत थी? यह अपनी पीठ थपथपाने के लिए है। खजाना खाली होने दो। गरीबों को मरने दो, लेकिन सरकार अपनी पीठ थपथपाना चाहती है।

मुख्यमंत्री को जेब से देना चाहिए इनाम

शिवसेना (यूबीटी) के एमएलसी और विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने भी कहा कि खिलाड़ियों को राज्य के खजाने से 11 करोड़ रुपये देने की जरूरत नहीं थी। हर किसी को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है और उन्हें पर्याप्त पुरस्कार राशि मिलती है। मुख्यमंत्री को अपनी जेब से 11 करोड़ रुपये देने चाहिए थे।

वडेट्टीवार का तुच्छ प्रयास: दरेकर

दरेकर ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की देखभाल करने और उनके सामने आने वाले मुद्दों को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए दृढ़ है। ऐसा लगता है कि वह जरूरत से ज्यादा चालाक बनने की कोशिश कर रहे हैं। यह वडेट्टीवार का एक तुच्छ प्रयास है।

भाजपा ने किया पलटवार

शनिवार को भाजपा एमएलसी दरेकर ने कहा कि विजय वडेट्टीवार की मानसिकता विकृत और उथली है। पूरा देश टी 20 पुरुष टीम के विश्व कप जीतने पर खुश है। लोगों ने देखा है कि किस तरह क्रिकेट प्रशंसक मुंबई के मरीन ड्राइव पर क्रिकेटरों पर अपना प्यार और प्रशंसा बरसाने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे, लेकिन वडेट्टीवार इस कार्यक्रम का भी राजनीतिकरण करना चाहते हैं।

केईएम अस्पताल के छह कर्मचारियों को नोटिस जारी

दोपहर संवाददाता | मुंबई

यहां के नागरिक संचालित किंग एडवर्ड मेमोरियल (केईएम) अस्पताल के प्रशासन ने लापरवाही पर छह कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस मरीजों की रिपोर्ट से बनी कागज की प्लेट दिखाने वाले वीडियो सामने आने के बाद दिया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

क्या है मामला ?

पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने 'एक्स पर अस्पताल, मरीजों और प्रक्रियाओं के नाम वाली कागज की प्लेट का वीडियो शेयर किया। केईएम डीन डॉ. संगीता रावत ने स्पष्ट किया कि ये प्लेट मरीजों की रिपोर्ट से नहीं बनी हैं। डॉ. रावत ने कहा, 'ये मरीज की रिपोर्ट नहीं हैं। ये सीटी स्कैन के पुराने फोल्डर हैं जिन्हें स्क्रैप डीलरों को दोबारा इस्तेमाल के लिए दिया गया है। गलती बस इतनी थी कि इन स्क्रैप पेपर को देने से पहले नष्ट नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिम्मेदार छह कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। पेडनेकर ने अपने पोस्ट में प्रशासन की निंदा की।

सुप्रिया सुले ने की महाराष्ट्र सरकार से भ्रष्टाचार पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग

दोपहर संवाददाता | मुंबई

एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार को राज्य में भ्रष्टाचार पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

सुप्रिया सुले ने लगाया सरकार पर आरोप

सुले ने नवनिर्वाचित सांसद रवींद्र वायकर को भ्रष्टाचार के मामले में क्लीन चिट दिए जाने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा,"महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस बात पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए कि महायुति में शामिल हुए 50 से 100 विधायक और सांसद भ्रष्ट हैं या नहीं। इस सवाल का जवाब वही दे सकते हैं, क्योंकि वह राज्य के गृह मंत्री हैं और उन्होंने ही सबसे पहले भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।"

सुप्रिया सुले ने क्या कहा?

सुले ने भाजपा पर भ्रष्टाचार के मामले में दोहरे रवैये का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पार्टी पहले राजनीतिक विरोधियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाती है, फिर उनका स्वागत करती है और उन्हें मंत्री या दूसरे पदों पर बैठा देती है।उन्होंने कहा,"भाजपा वॉशिंग मशीन की तरह है। उसे भ्रष्टाचार से कोई परहेज नहीं है।"सुले ने भाजपा पर महाराष्ट्र में राजनीतिक लाभ के लिए आयकर, सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अजित पवार ने सेट किया एजेंडा

मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सियासी दलों की तरफ से चुनाव को लेकर बैठकें की जा रही हैं। इस बीच डिप्टी सीएम अजित पवार का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमे महाराष्ट्र में उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले। हमे अपेक्षा से कम रिजल्ट मिला, लेकिन बाकी के राज्यों में एनडीए के घटक दलों ने अच्छा प्रदर्शन किया नतीजन नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। अजित पवार ने आगे कहा, हमने अभी जो बजट में महिलाओं के लिए जो योजना लेकर आए हैं चाहे लाडली बहन हो या तीन फ्री सिलेंडर की योजना है उससे विपक्ष डर गया है, इसलिए इस योजना के खिलाफ प्रचार करेंगे। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा, ẞहमें महायुति की सरकार को रिपीट करना है तभी महाराष्ट्र की जनता का फायदा होगा। महायुति एक परिवार है, इसलिए इसके शीर्ष नेतृत्व पर भरोसा रखें। बेवजह नाराज़ होने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि हमें महायुति की सरकार बनानी है।

पुलिस भर्ती के दौरान चक्कर आने से युवक की मौत

मुंबई/पुणे। पुणे में शनिवार को पुलिस भर्ती के दौरान शिवाजीनगर पुलिस ग्राउंड में फील्ड टेस्ट के दौरान ही एक युवक की चक्कर आने से मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान तुषार बबन भालके (27) के रूप में की गई है।

17 हजार पदों पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया शुरू

पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र के सभी जिलों में 17 हजार पदों पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया शुरू है। पुलिस भर्ती के लिए आयोजित इस फील्ड टेस्ट में उम्मीदवारों की शारीरिक क्षमता का परीक्षण किया जाता है। इसी तरह का फील्ड टेस्ट पुणे के शिवाजीनगर पुलिस ग्राउंड में आज सुबह से जारी है। यहां तुषार बबन भालके को फील्ड टेस्ट में दौड़ते समय अचानक चक्कर आ गया और वह जमीन पर गिर पड़ा। तत्काल पुलिस वालों ने तुषार को अस्पताल में पहुंचाया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई।

नवी मुंबई और ठाणे में भी हो चुकी है मौत

इससे पहले नवी मुंबई और ठाणे में पुलिस भर्ती के दौरान एक-एक युवकों की मौत हो चुकी है। ठाणे में चक्कर आने से 5 युवक बेहोश भी हो गए थे। उन्हें कलवा स्थित शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

धारावाहिक की शूटिंग करने के लिए दस्तावेजों में जालसाजी, महिला पर मामला दर्ज

मुंबई/ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में शनिवार को एक मराठी धारावाहिक की शूटिंग के लिए पुलिस की अनुमति के फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कासारवडवली थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब सामने आई जब एक कांस्टेबल ने शुक्रवार को जीबी रोड पर एक धारावाहिक की शूटिंग होते देखी और कुछ गड़बड़ महसूस की।अधिकारी ने कहा, 'कांस्टेबल को एहसास हुआ कि धारावाहिक की शूटिंग के लिए वागले एस्टेट के पुलिस उपायुक्त की अनुमति दिखाने वाले दस्तावेज फर्जी हैं। सेट पर मौजूद प्रोडक्शन मैनेजर ने कांस्टेबल को बताया कि उसे ये दस्तावेज एक महिला से मिले थे, जिसने इसके बदले उनसे दो-तीन हजार रुपये लिए।' उन्होंने बताया कि जांच में पुष्टि हुई कि पांच जुलाई को जारी किए गए दस्तावेज फर्जी थे, जिसके बाद महिला पर जालसाजी और अन्य आरोपों में भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के इच्छुक उम्मीदवारों के मंगवाए आवेदन

धीरज सिंह | मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के इच्छुक उम्मीदवारों को 10 अगस्त तक अपना आवेदन पार्टी कार्यालय में भेजने की अपील की है। यह जानकारी महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नाना गवांडे ने दी है। नाना गवांडे ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि कांग्रेस पार्टी की चुनाव की रणनीति तय करने के लिए महाराष्ट्र कांग्रेस प्रभारी रमेश चेनिथला और प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक की गई थी। इस बैठक में तय किया गया है कि विधानसभा लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों का आवेदन 10 अगस्त तक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय तिलक भवन, दादर, मुंबई कार्यालय तक पहुंच जाना चाहिए ।

उम्मीदवारों को करना होगा भुगतान

नाना गावंडे ने बताया कि विधानसभा के लिए नामांकन फॉर्म प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय तिलक भवन, दादर मुंबई और सभी जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालयों में उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र पार्टी फंड के साथ तिलक भवन दादर, मुंबई में जमा करना चाहिए। पार्टी फंड आवेदन के साथ सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 20,000 रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला उम्मीदवारों को 10,000 रुपये का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई है। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवक-युवतियों का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया गया है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सभी सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी करेगी कांग्रेस: नाना पटोले

कांग्रेस पार्टी की महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने शनिवार को कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में सभी सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी करेगी, लेकिन अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के समझौते के अनुसार ही चुनाव लड़ेगी। यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए पटोले ने कहा कि अगर पार्टी सभी सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी करती है तो यह गलत नहीं होगा क्योंकि पार्टी का हर जगह अपना संगठनात्मक ढांचा होना चाहिए और उसे काम करना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "किसी पार्टी का हर जगह अपना संगठनात्मक ढांचा होना चाहिए और उसे काम करना चाहिए। सीट बंटवारे के आधार पर गठबंधन बनाया जाएगा। सभी सीट के लिए तैयारी करना गलत नहीं है और हमारे गठबंधन के सहयोगी भी ऐसी तैयारी कर रहे हैं। हम महाविकास अघाडी (एमवीए) गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ेंगे।

'बढ़ते घृणा अपराधों के लिए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जिम्मेदार'

किसान संगठन आयकेएस और ए आयएडब्लूयू ने लगाया आरोप

दीपक पवार | मुंबई

आरएसएस और उसके संगठन लगातार अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत भड़का रहे हैं। किसान संघ अखिल भारतीय किसान सभा और अखिल भारतीय कृषि श्रमिक संघ ने आरोप लगाया है कि चुनाव के बाद की स्थिति में भारत भर में मुसलमानों के खिलाफ घृणा अपराधों की वर्तमान स्थिति के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और एक स्थायी नौकरी देने की मांग

अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय खेत मजदूर संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने 7 जून को महासमुंद के महानदी पुल के पास मवेशी ले जा रहे मुस्लिम युवाओं की योजनाबद्ध हत्या के तीन पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ के रायपुर बॉर्डर पर बीजेपी-आरएसएस के अपराधी गौरक्षक बनने का नाटक कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के लखनौती गांव और शामली जिले के बनत कस्बे का दौरा किया और पीड़ित तीन परिवारों को एक-एक लाख रुपये के चेक सौंपे। भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य

सरकार ने इस मामले में कुछ नहीं किया। एआईकेएस ने फिर से न्यायिक जांच, हत्यारों को बचाने की साजिश में शामिल शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और भाजपा सांसद के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की है। एआईकेएस ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और एक स्थायी नौकरी देने की मांग की है। यह जानकारी अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक धावले ने दी। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के बनत शहर में तहसीम कुरेशी और लखनौती गांव में चांद मियां और सद्दाम कुरेशी के शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की। अशोक धावले, महासचिव विजू कृष्णन, वित्त सचिव पी कृष्णप्रसाद, एआईएडब्ल्यूयू महासचिव बी वेंकट, संयुक्त सचिव विक्रम सिंह और सदस्य पुष्पेंद्र त्यागी और सदस्य उपस्थित थे। मनोज कुमार। उनके साथ उत्तर प्रदेश एआईकेएस नेता दाऊद खान, सुशील कुमार राणा, धर्मेंद्र सिंह और वीरेंद्र सिंह भी थे।

जातीय तनाव बढ़ाकर दंगा भड़काने की साजिश रच रहे हैं छगन भुजबल : मनोज जारांगे पाटिल

मुंबई/जालना। मराठा नेता मनोज जारांगे पाटिल ने शनिवार को हिंगोली में कहा कि मंत्री छगन भुजबल जातीय तनाव बढ़ाकर दंगा भडकाने की साजिश रच रहे हैं। जारांगे पाटिल ने सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सावधान रहने की भी अपील की है। मनोज जारांगे ने कहा कि अगर मराठा समाज को आश्वासन के अनुसार आरक्षण नहीं मिला तो वे अपनी अगली रणनीति तय करेंगे।

मराठा आरक्षण जागरूकता शांति रैली की शुरुआत

मनोज जारांगे पाटिल ने शनिवार को हिंगोली जिले से मराठा आरक्षण जागरूकता शांति रैली की शुरुआत की। इसी दौरान मनोज जारांगे पाटिल ने पत्रकारों को बताया कि राज्य सरकार को सरकार टिकाए रखने के लिए मंत्री छगन भुजबल की जरूरत है। लेकिन छगन भुजबल ही मराठा आरक्षण न मिले इसका प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए छगन भुजबल ने राज्य में जगह-जगह मराठा आरक्षण का विरोध करने के लिए नेताओं की फौज खड़ा किया है। जारांगे ने कहा कि छगन भुजबल जातीय तनाव पैदा करने और फिर दंगा भड़काने की भी साजिश रच रहे हैं, लेकिन छगन भुजबल की इस साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। मनोज जारांगे पाटिल ने कहा कि सरकार ने पहले 16 फीसदी आरक्षण दिया लेकिन वह टिक नहीं पाया। बाद में 13 प्रतिशत दिया गया था लेकिन उसे टिकने नहीं दिया गया, अब 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, लेकिन उसके लागू होने से पहले एक याचिका दायर की गई है। यह मराठों के आरक्षण को टिकने नहीं देने की चाल है। मनोज जारांगे ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आरक्षण नहीं मिला तो हम विधानसभा में कम से कम 200 जगहों पर सूपड़ा साफ कर देंगे।

दो बजे दोपहर

संपादकीय

सीमा पर गतिरोध

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि चीन की साम्राज्यवादी नीतियां पूरे एशिया के लिये सिरदर्द बनी हुई हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते ही भारत से उसके संबंध अब तक सामान्य नहीं हो पाए हैं। लेकिन कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के बीच हालिया बातचीत से दोनों देशों में संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी है। दोनों विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में इस बात को लेकर सहमत हुए हैं कि वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी और शेष मुद्दों के समाधान के लिये राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से दोगुने प्रयास किये जाएंगे। निश्चय ही गतिरोध की मौजूदा स्थिति में इस घोषणा को नई उम्मीद मानना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि हाल के वर्षों में पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी गतिरोध को दूर करने को लेकर भी बीच-बीच में ऐसे दावे कई बार किये गए हैं। बहरहाल, कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान दोनों नेता इस बात को लेकर सहमत नजर आए कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिये नई पहल की जानी चाहिए। निस्संदेह, भारत और चीन एशिया की बड़ी ताकतें हैं और दोनों देशों की लंबी सीमा एक-दूसरे से लगती है। यह भी निर्विवाद सत्य है कि हम अपने पड़ोसी नहीं बदल सकते, ऐसे में सहयोग और विश्वास के रिश्ते दोनों देशों व दक्षिण एशिया के विकास के लिये भी जरूरी हैं। समय की जरूरत है कि शांति और अमन-चैन के लिये बीते गतिरोध से निकलकर जमीनी स्तर पर कुछ ठोस करने के लिये आगे बढ़ा जाए। विगत में बातचीत के राजनयिक व सैन्य स्तर पर कई दौर चले हैं, लेकिन विडंबना यही है कि धरातल पर प्रगति होती नजर नहीं आई। अब विश्वास किया जाना चाहिए कि बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच दोनों देशों की तरफ से संबंध सुधारने के लिये गंभीर प्रयास किये जाएंगे। निस्संदेह, चीन के छल-बल का लंबा इतिहास रहा है। भारत वर्ष 1962 के युद्ध के जख्मों को अभी तक नहीं भूला है। हालांकि, भारत राजनीतिक व सैन्य ताकत के रूप में उस दौर से कहीं आगे निकल गया है। यही वजह है दोनों देशों के बीच अविश्वास की कमी गाहे-बगाहे उभरकर आ ही जाती है। इसी विश्वास की कमी का उदाहरण सीमावर्ती गांवों में सैन्य उद्देश्य से किये जाने वाले विकास में भी नजर आता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य सीमावर्ती राज्यों मसलन अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख और सिक्किम के लगभग तीन हजार गांवों को इस दायरे में लाना है। जिसके अंतर्गत सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी, आवास और पर्यटन सुविधाओं में सुधार पर ध्यान देना बड़ा मकसद है। इसका उद्देश्य है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक से अधिक ग्रामीण सेना की आंख और कान बनने में मददगार हो सकें। दरअसल, इस चौतरफा बुनियादी ढांचे के निर्माण और सैन्य जमावड़े के मध्य, राजनयिक और सैन्य स्तर पर समय-समय पर होने वाली बातचीत अक्सर अनिर्णायक ही रही हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मध्य कई बार के शिखर सम्मेलन के मध्य हुई बातचीत भी सार्थक नहीं हो पायी हैं। बहरहाल, एशिया की इन दो बड़ी शक्तियों के बातचीत में शामिल होने के बाद भी एलएसी के मानचित्रों का आदान-प्रदान करने में चीन की अनिच्छा रही, इसके बावजूद बातचीत की शुरुआत होना दोनों देशों के हित में कहा जाएगा।

समुद्र में कार्बन भंडारण से रुकेगी ग्लोबल वार्मिंग

मुकुल व्यास

जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वैज्ञानिक उत्सर्जित कार्बन को वायुमंडल से हटाने के लिए नए-नए तरीके खोज रहे हैं। कार्बन को ठिकाने लगाने के लिए कुछ वैज्ञानिकों का ध्यान समुद्र तल की चट्टानों की और गया है। समुद्र तल पर स्थित बेसाल्ट की चट्टानों के भंडार में कार्बन डाइऑक्साइड को जमा करने की क्षमता है। ये ज्वालामुखीय चट्टानें हमारे वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड को जमा करने की क्षमता रखती हैं। ये ज्वालामुखीय चट्टानें हमारे वायुमंडल से गर्मी को कैद करने वाली गैस को हटाने में मदद कर सकती हैं। वैज्ञानिकों की एक टीम समुद्री तटों के निकट फ्लोटिंग रिग बनाना चाहती है। ये रिग समुद्र तल से तेल निकालने के बजाय उसमें कार्बन डाइऑक्साइड प्रविष्ट करेंगे। अपने स्वयं के विंड टर्बाइनों द्वारा संचालित फ़्लोटिंग प्लेटफार्म आकाश या समुद्री जल से कार्बन डाइऑक्साइड को खींचेंगे और उसे समुद्र तल में छिद्रों में पंप करेंगे। वैज्ञानिक अपनी परियोजना को 'सॉलिड कार्बन' कहते हैं। अगर यह परियोजना उनकी उम्मीद के मुताबिक काम करती है तो तल में प्रविष्ट कार्बन डाइऑक्साइड हमेशा के लिए समुद्र के तल पर एक चट्टान बन जाएगी। प्रोजेक्ट पर काम कर रहे कनाडा के भूभौतिकीविद् मार्टिन शरवाथ ने कहा कि इससे कार्बन भंडारण बहुत टिकाऊ और सुरक्षित हो जाएगा। इस तकनीक से हमें अन्य भंडारण तकनीकों की तरह कार्बन के वायुमंडल में वापस लौटने और वैश्विक तापमान वृद्धि के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। यह अभी तक निश्चित नहीं है कि ये कार्बन हटाने वाली समुद्री फैक्टरियां उम्मीद के मुताबिक काम करेंगी या नहीं। सबसे पहले विज्ञानियों को समुद्र में एक प्रोटोटाइप का परीक्षण करने के लिए लगभग 6 करोड़ डॉलर की आवश्यकता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दुनियाभर में, बेसाल्ट चट्टानें पृथ्वी के समस्त जीवाश्म ईंधन से निकलने वाले कार्बन से ज्यादा कार्बन को स्थायी रूप से जमा कर सकती हैं। गौरतलब है, इस तरह की तकनीक को अपनाने का मतलब यह नहीं कि जीवाश्म ईंधन को अंधाधुंध तरीके से जलाना सुरक्षित है। फिर भी विज्ञानियों का कहना है कि कुछ रिग ही बड़ा बदलाव ला सकते हैं। शरवाथ के अनुसार कनाडा के पश्चिमी तट से दूर, वैंकूवर द्वीप के पास कैस्केडिया बेसिन में विश्व के 20 साल के कार्बन उत्सर्जन को कैद करने की गुंजाइश है। यहीं पर विज्ञानी एक फील्ड टेस्ट करना चाहते हैं। यह योजना एक रासायनिक प्रतिक्रिया पर आधारित है जो पहले से ही स्वाभाविक रूप से होती है।

बेसाल्ट चट्टान अत्यधिक प्रतिक्रियाशील होती है। ऐसी चट्टानें धातुओं से भरी होती हैं जो आसानी से कार्बन डाइऑक्साइड को पकड़ लेती हैं और कार्बोनेट खनिजों का निर्माण करने के लिए रासायनिक रूप से इसके साथ जुड़ जाती हैं। बेसाल्ट भी टूट जाता है और छिद्रपूर्ण हो जाता है, जिससे नए कार्बोनेट के भरने के लिए पर्याप्त जगह बच जाती है। आइसलैंड में कार्बफिक्स नामक एक परियोजना ने इस प्रक्रिया के एक छोटे संस्करण का सफल प्रदर्शन किया है। इस विधि में पानी में कार्बन डाइऑक्साइड को घोला जाता है। फिर उसे भूमिगत बेसाल्ट चट्टान में इंजेक्ट किया जाता है। ये समुद्री कार्बन-भंडारण कारखाने बहुत महंगे उपक्रम होंगे लेकिन यदि हम पृथ्वी को पूर्व-औद्योगिक तापमान पर वापस लाना चाहते हैं तो हमें अंततः ऐसे मेगा-प्रोजेक्ट का सहारा लेना पड़ सकता है।

सॉलिड कार्बन उन बुनियादी तात्कालिक उपायों का विकल्प नहीं है, जिनकी दुनिया भर के जलवायु विशेषज्ञ मांग कर रहे हैं। इन उपायों में जीवाश्म ईंधन को नवीकरणीय ऊर्जा में बदलना और खाद्य प्रणालियों के कार्बन उत्सर्जन को कम करना शामिल है। इस बीच, एक अन्य अध्ययन में वैज्ञानिकों ने ऐसे वायरस खोजे हैं जो जलवायु परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वायरस शब्द हमारे मन में खौफ पैदा करता है लेकिन सभी वायरस खौफनाक नहीं होते। इनकी दूसरी भूमिकाएं भी हो सकती हैं। वैज्ञानिकों ने ग्रीनलैंड की बर्फ पर विशाल वायरस की मौजूदगी का पता लगाया है जो बर्फ के शैवाल को संक्रमित करके आर्कटिक की बर्फ के काले होने और पिघलने को नियंत्रित कर सकते हैं। वायरस के 'विशाल' से चकित न हों। विशाल होने के बावजूद इन वायरस को कोरी आंख से नहीं देखा जा सकता। अभी माइक्रोस्कोप से भी इन्हें नहीं देखा जा सका है। इनकी खोज नमूनों के डीएनए विश्लेषण से हुई। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन वायरस का उपयोग करके बर्फ के पिघलने की गति को धीमा किया जा सकता है। इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को रोकने के लिए एक नया रास्ता मिल सकता है। हर वसंत में आर्कटिक के पिघलने पर जीव-जंतु और काले शैवाल सक्रिय हो जाते हैं। शैवाल के सक्रिय होने से बर्फ पिघलने की गति बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बर्फ के तेजी से पिघलने से होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए ये वायरस प्राकृतिक समाधान प्रदान करते हैं। आर्कटिक में महीनों के अंधेरे के बाद हर वसंत में जब सूरज उगता है,तो जीवन वापस आ जाता है। ध्रुवीय भालू अपनी सर्दियों की मांद से बाहर निकलते हैं। आर्कटिक टर्न नामक पक्षी अपनी लंबी यात्रा से दक्षिण की ओर उड़ते हैं और कस्तूरी बैल उत्तर की ओर बढ़ते हैं। लेकिन जानवर ही एकमात्र ऐसे जीव नहीं हैं जो वसंत के सूरज से फिर से जागृत होते हैं। बर्फ पर निष्क्रिय पड़े शैवाल वसंत में खिलने लगते हैं और बर्फ के बड़े क्षेत्रों को काला कर देते हैं। जब बर्फ काली हो जाती है तो सूरज को परावर्तित करने की इसकी क्षमता कम हो जाती है। इससे बर्फ पिघलने की प्रक्रिया में तेज़ी आती है जिससे ग्लोबल वार्मिंग और भी बढ़ जाती है।

डेनमार्क के आहस विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञानी लॉरा पेरीनी का कहना है कि विशाल वायरस बर्फ के शैवाल पर फ़ीड करते हैं। शैवाल के खिलने पर ये वायरस एक प्राकृतिक नियंत्रण तंत्र के रूप में काम कर सकते हैं। वायरस आम तौर पर बैक्टीरिया से बहुत छोटे होते हैं। सामान्य वायरस का आकार 20-200 नैनोमीटर होता है,जबकि सामान्य बैक्टीरिया का आकार 2-3 माइक्रोमीटर होता है। दूसरे शब्दों में,सामान्य वायरस बैक्टीरिया से लगभग 1000 गुना छोटा होता है। हालांकि, विशाल वायरस के मामले में ऐसा नहीं है। विशाल वायरस 2.5 माइक्रोमीटर के आकार तक बढ़ते हैं। विशाल वायरस ज़्यादातर बैक्टीरिया से बड़े होते हैं। लेकिन विशाल वायरस सिर्फ आकार में ही बड़े नहीं होते। आनुवंशिक जटिलता के हिसाब से ये वायरस बहुत अनोखे हैं। उनका जीनोम जीन समूह सामान्य वायरस से बहुत बड़ा होता है। बैक्टीरिया को संक्रमित करने वाले बैक्टीरियोफेज नामक वायरस के जीनोम में 100.000 से 200.000 अक्षर होते हैं। विशाल वायरस में लगभग 2.500.000 अक्षर होते हैं। विशाल वायरस की खोज सबसे पहले 1981 में समुद्र में हुई थी।

सहज योग

हम एक ही शक्ति की देन हैं

अगर मनुष्य बाहर न जाए तो उसके आगे कोई प्रश्न ही नहीं आएगा। जैसे कुत्ते-बिल्लियां उनके आगे कोई प्रश्न नहीं। इनके अंदर से सारी चेतना गुजर के नीचे चली जाती है इनके आगे कोई प्रश्न ही नहीं।

इसको कहते है पझेशन (अधिकार) उसका उसके दिमाग में ख्याल ही नही आता, उसमें सौंदर्य की भी दृष्टी नहीं आती। वो ये भी नहीं सोचता है की कोई चीज़ सुंदर है या असुंदर है। इसका रंग अच्छा है या बुरा, इससे उसे कोई मतलब नहीं लेकिन मनुष्य किसी भी वस्तु विशेष में लिपट लेता है। फिर वो आगे बढ़ करके, ये सोचने लग जाता है की मैं जो हूं, मेरी जो सत्ता है, मैं कोई एक विशेष हूं। जैसे के हम पैदा होते ही ये सोचने लग जाते है के हम निर्मला, हम हिंदुस्तानी, हम हिंदू है, मुसलमान है, ईसाई है, इस तरह से जो कुछ भी बाहर की उपाधियां हैं, उससे लिपट जाते हैं। ये जो बाहर जाने की प्रवृत्ति है, ये मनुष्य के त्रिकोणाकार मस्तिष्क की जो स्थिति है, उसकी वजह से है। अगर मनुष्य बाहर न जाए तो उसके आगे कोई प्रश्न ही नहीं आएगा। जैसे कुत्ते-बिल्लियां उनके आगे कोई प्रश्न नहीं। इनके अंदर से सारी चेतना गुजर के नीचे चली जाती है इनके आगे कोई प्रश्न ही नहीं। कोई इनके रूह के अंदर रिऍक्शन (प्रतिक्रिया) नही। लेकिन हमें ऐसा है की हम जब किसी भी चीज़ की ओर देखते है तो उसके प्रति हमारा रिऍक्शन होता है। इसी कारण हमारे अंदर एक आगे से निकलने वाली ऐसी शक्ति होती है, पीछे से निकलने वाली शक्ति के कारण हमारे अंदर उसका रिऍक्शन मात्र ही ईगो और सुपर ईगो, अहंकार और प्रति अहंकार नाम की दो संस्थाएँ तैयार हो करके यहां पर एकत्रित होती है। उसके एकत्रित होने के कारण यहां से हम सारे तरह से अलग ही हट जाते है। उस चारों ओर में जो शक्ति विराज है उस शक्ति से हम कट जाते हैं। हम अलग हो गए आप अलग हो गए ,आप अलग हो गए ,आप अलग हो गए, हम सब अलग-अलग खड़े है। वास्तविक हम एक ही शक्ति की देन हैं, जैसे कि कोई हमारे अंदर पेट्रोल भर दिया हो और हमें यहां खीच लाए। इस शक्ति में से जो बीच में से शक्ति गुजर जाती है वो हमारे रीढ़ की बीच की हड्डी से नीचे के हिस्से में जो त्रिकोणाकार अस्थि है, उसके अंदर जाके लपट के साढ़े तीन चक्र में बैठती है, कुंडो में बैठ जाती है इसलिए उसको कुंडलिनी कहते है। ये शक्ति अभी दिखाई नहीं देती, इसलिए बहुत से लोग कहेंगे की आप जो कह रही हैं बात कैसे सही मान ले? लेकिन ये एक हद से पहुंच ने तक आपको दिखाई देगा। जैसे कि आपको हम कहे की मायक्रोस्कोप से आपको बहुत सी ऐसी चीज़े दिखाई देंगी जो इन आंखों से नहीं दिखाई देंगी। लेकिन मायक्रोस्कोप आपको मिलना चाहिए। अगर आपको मायक्रोस्कोप नहीं मिला तो आप उस चीज़ को देख नही सकते। तो एक स्थिति ऐसी आ जाती की जिसमें आप इन शक्तियों को देख सकते है। कहां बैठी है, किस तरह से बैठी है, उसका आकार लेकिन ये निराकार में शक्ति जा करके अंदर बैठी रहती है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

शख्सियत | महेंद्र सिंह धोनी

क्रिकेट के विश्व प्रसिद्ध कैप्टन कूल

महेंद्र सिंह धोनी या एमएस धोनी एक भारतीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। एमएस धोनी क्रिकेट इतिहास में सभी आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। 2009 में धोनी की कप्तानी में भारत पहली बार ICC टेस्ट क्रिकेट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा।वह 27 टेस्ट जीत के साथ सबसे प्रसिद्ध भारतीय टेस्ट कप्तान हैं।उनके नाम एक भारतीय विकेटकीपर द्वारा एक मैच में 9 बार आउट करने का रिकॉर्ड भी है।वह 4,000 टेस्ट रन पूरे करने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने।उनके नाम एक कप्तान के रूप में सर्वाधिक 332 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रिकॉर्ड है।

एमएस धोनी का जन्म 7 जुलाई 1981 को रांची, झारखंड में पान सिंह और देवकी देवी के घर हुआ था। उनका पैतृक गांव उत्तराखंड के अल्मोडा के लमगड़ा ब्लॉक में है। उनके पिता, पान सिंह, उत्तराखंड से रांची चले आये और मेकॉन में कनिष्ठ प्रबंधन पदों पर काम किया। धोनी की एक बहन जयंती गुप्ता और एक भाई नरेंद्र सिंह धोनी हैं। धोनी ने अपनी स्कूली शिक्षा डीएवी जवाहर विद्या मंदिर, रांची, झारखंड से की और बैडमिंटन, फुटबॉल और क्रिकेट जैसे कई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी फुटबॉल टीम के लिए गोलकीपर के रूप में खेला और एक स्थानीय क्लब के लिए क्रिकेट खेला।धोनी ने 1995-98 के दौरान कमांडो क्रिकेट क्लब में प्रभावशाली विकेटकीपिंग कौशल दिखाया और उन्हें 1997-98 सत्र के लिए वीनू मांकड़ ट्रॉफी अंडर -16 चैंपियनशिप के लिए चुना गया और उन्होंने अच्छा खेला। हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद धोनी ने क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित किया।2001-2003 के दौरान, धोनी पश्चिम बंगाल में दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत खड़गपुर रेलवे स्टेशन पर टीटीई (यात्रा टिकट परीक्षक) थे। धोनी ने 2004 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। बल्ले से उनकी प्रतिभा उनके पांचवें अंतरराष्ट्रीय मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 148 रन की पारी में सामने आई। एक साल के भीतर वह भारत की टेस्ट टीम में शामिल हो गए, जहां उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ शतक (एक पारी में 100 या अधिक रन) के साथ खुद को स्थापित किया। अपनी अनुभवहीनता के बावजूद, धोनी ने 2007 में एक दिवसीय टीम की कप्तानी संभाली और भारत को ट्वेंटी-20 (टी20) विश्व खिताब दिलाया।दिसंबर 2009 में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका पर सीरीज जीत के साथ-साथ भारत पहली बार अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया। धोनी को उनके खेल के लिए आईसीसी वनडे इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2008 और 2009 में पुरस्कार। 2011 के एक दिवसीय विश्व कप में, मुंबई में घरेलू दर्शकों के सामने धोनी की नाबाद 91 रनों की तूफानी पारी ने फाइनल में श्रीलंका पर भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। 2017 में भारत के कप्तान के रूप में काम करना बंद कर दिया, उन्होंने 331 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अपने देश का नेतृत्व किया, जो खेल के इतिहास में एक कप्तान के लिए सबसे अधिक है। तीन साल बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से संन्यास ले लिया। उन्हें पद्मभूषण, पद्मश्री और राजीव गांधी खेल रत्न से भी नवाजा जा चुका है।

जीवन ऊर्जा

मार्क चागल: जन्म 7 जुलाई, 1887 | जन्म

मार्क चागल, जिनका जन्म 7 जुलाई, 1887 को विटेबस्क, बेलारूस (तब रूसीसाम्राज्य का हिस्सा) में हुआ था। एक प्रमुख आधुनिकतावादी चित्रकार थे। अपनी स्वप्निल रचनाओंऔर रंगों के जीवंत उपयोग के लिए प्रसिद्ध, उन्होंने लोक कला के तत्वों को अतियथार्थवाद के साथ मिश्रित किया। 28 मार्च 1985 को उनका निधन हो गया।

कला सभी झूठों में सबसे सुंदर है

हमारे जीवन में एक ही रंग है, जैसे किसी कलाकार के पैलेट पर, जो जीवन और कला का अर्थ प्रदान करता है। यह प्रेम का रंग है। सभी रंग अपने पड़ोसियों के मित्र और अपने विपरीत के प्रेमी होते हैं। महान कला वहीं से शुरू होती है, जहाँ प्रकृति समाप्त होती है। मुझे लगता है कि कला किसी भी चीज़ से ज्यादा आत्मा की स्थिति है। कला सभी झूठों में सबसे सुंदर है। अगर मैं दिल से रचना करता हूँ, तो लगभग सब कुछ काम करता है; अगर दिमाग से, तो लगभग कुछ भी नहीं। कला को प्रेम की अभिव्यक्ति होना चाहिए, अन्यथा यह कुछ भी नहीं है। मैं उस माध्यम में काम करता हूँ, जो मुझे इस समय पसंद है। मुझे थिएटर बहुत पसंद है और मैं एक चित्रकार हूँ। मुझे लगता है कि ये दोनों प्रेम के विवाह के लिए बने हैं। मेरे लिए एक रंगीन कांच की खिड़की मेरे दिल और दुनिया के दिल के बीच एक पारदर्शी विभाजन है। हमारे जीवन में एक ही रंग है, जैसे किसी कलाकार के पैलेट पर, जो जीवन और कला का अर्थ प्रदान करता है। यह प्रेम का रंग है। कला फूलों की सुंदरता के साथ प्रतिस्पर्धा करने का निरंतर प्रयास है और कभी सफल नहीं होती। मैंने हमेशा ऐसे चित्र बनाए हैं, जिनमें मानवीय प्रेम मेरे रंगों में समाया हुआ है। मैं उस माध्यम में काम करता हूँ जो मुझे उस समय पसंद आता है। कला सभी झूठों में सबसे सुंदर है। कलाकार की गरिमा दुनिया में आश्चर्य की भावना को जागृत रखनेके उसके कर्तव्य में निहित है। कला के हर काम में, कलाकार खुद मौजूद होता है। सच्चा कलाकार वह नहीं है जो प्रेरित होता है, बल्कि वह है जो दूसरों को प्रेरित करता है। अगर मैं दिल से रचना करता हूँ, तो लगभग सब कुछ काम करता है; अगर दिमाग से करता हूँ, तो लगभग कुछ भी नहीं। कला के हर काम में कलाकार खुद मौजूद होता है।

प्रेरक प्रसंग

परेशानियों से लड़ने का हल

एक व्यक्ति अपने जीवन में बहुत परेशान था। हमेशा छोटी छोटी चीजों में उलझा रहता था। एक दिन वह पूरी तरह से परेशान हो गया और वह अपने गुरु के पास गया। गुरु जी मैं बहुत परेशान हु। धीरे धीरे मानसिक बीमारी का शिकार हो रहा हूं। गुरुजी एक गिलास में पानी भरते हैं उसमें मुट्ठी भर नमक डालते हैं और उस व्यक्ति को कहते हैं की पी लीजिए। वह व्यक्ति पानी पीते ही जोर से चिल्लाता है गुरु जी यह कैसा मजाक है? इतना खारा पानी मुझे क्यों पिला रहे हो? गुरुजी उसे मीठे तालाब की ओर ले जाते हैं। वहा भी गुरुजी मुट्ठी भर नमक डालते हैं फिर वह पानी उसे पीने बोलते हैं। व्यक्ति पानी पीकर तृप्त हो जाता है और कहता है कि यह बहुत ही मीठा पानी है इसे पीकर संतुष्ट हो गया। गरुजी उसे समझाते हैं कि जीवन में हर व्यक्ति किसी ना किसी चीज से परेशान है। जो व्यक्ति की सकारात्मक ऊर्जा तालाब की तरह है उसे छोटे-छोटे परेशानियों से कुछ फर्क नहीं पड़ता । उसकी परेशानी कितनी भी बड़ी हो पर उसकी सकारात्मक ऊर्जा उससे भी कहीं अधिक बड़ी होनी चाहिए।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

दशरथ जी के जन्म की कथा

(भाग 1)



महाराज दशरथ का जन्म एक बहुत ही अद्भुत घटना है पौराणिक धर्म ग्रंथों के आधार पर बताया जाता है कि एक बार राजा अज दोपहर की वंदना कर रहे थे।

उस समय लंकापति रावण उनसे युद्ध करने के लिए आया और दूर से उनकी वंदना करना देख रहा था। राजा अज ने भगवान शिव की वंदना की और जल आगे अर्पित करने की जगह पीछे फेंक दिया। यह देखकर रावण को बड़ा आश्चर्य हुआ। और वह युद्ध करने से पहले राजा अज के सामने पहुंचा तथा पूछने लगा कि हमेशा वंदना करने के पश्चात जल का अभिषेक आगे किया जाता है, न कि पीछे, इसके पीछे क्या कारण है। राजा अज ने कहा जब मैं आंखें बंद करके ध्यान मुद्रा में भगवान शिव की अर्चना कर रहा था, तभी मुझे यहां से एक योजन दूर जंगल में एक गाय घास चरती हुई दिखी और मैंने देखा कि एक सिंह उस पर आक्रमण करने वाला है तभी मैंने गाय की रक्षा के लिए जल का अभिषेक पीछे की तरफ किया। रावण को यह बात सुनकर बड़ा ही आश्चर्य हुआ। रावण ऐक योजन दूर वहाँ गया और उसने देखा कि एक गाय हरी घास चर रही है जबकि शेर के पेट में कई वाण लगे हैं अब रावण को विश्वास हो गया कि जिस महापुरुष के जल से ही बाण बन जाते हैं और बिना किसी लक्ष्य साधन के लक्ष्य बेधन हो जाता है ऐसे वीर पुरुष को जीतना बड़ा ही असंभव है और वह उनसे बिना युद्ध किए ही लंका लौट जाता है। एक बार राजा अज जंगल में भ्रमण करने के लिए गए थे तो उन्हें एक बहुत ही सुंदर सरोवर दिखाई दिया उस सरोवर में एक कमल का फूल था जो अति सुंदर प्रतीत हो रहा था।

उस कमल को प्राप्त करने के लिए राजा अज सरोवर में चले गए किंतु यह क्या राजा अज जितना भी उस कमल के पास जाते वह कमल उनसे उतना ही दूर हो जाता और राजा अज उस कमल को नहीं पकड़ पाया। अंततः आकाशवाणी हुई कि हे राजन आप निःसंतान हैं आप इस कमल के योग्य नहीं है इस भविष्यवाणी ने राजा अज के हृदय में एक भयंकर घात किया था। राजा अज अपने महल में लौट आए और चिंता ग्रस्त रहने लगे क्योंकि उन्हें संतान नहीं थी जबकि वह भगवान शिव के परम भक्त थे। भगवान शिव ने उनकी इस चिंता को ध्यान में लिया। और उन्होंने धर्मराज को बुलाया और कहा तुम किसी ब्राह्मण को अयोध्या नगरी पहुँचाओ जिससे राजा अज को संतान की प्राप्ति के आसार हो।

(क्रमशः)

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सुविचार

अगर मेहनत आदत बन जाए, तो कामयाबी मुकदर बन जाती है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार।)

लोनावाला में चलें देखे पर्वतमाला

लोनावला मुंबई और पुणे के पास एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह अपनी हरी-भरी पहाड़ियों, ठंडे मौसम और खूबसूरत झरनों के लिए मशहूर है। कई लोग आराम करने और प्रकृति का आनंद लेने के लिए लोनावला आते हैं। आप शांत झीलें देख सकते हैं, पुरानी गुफाओं का पता लगा सकते हैं और आसान रास्तों पर पैदल यात्रा कर सकते हैं। यह परिवारों, दोस्तों और अकेले यात्रा करने वालों के लिए व्यस्त शहरी जीवन से ब्रेक लेने के लिए एक शानदार जगह है। लोनावला की यात्रा ताजगी और मजा देती है, जो इसे एक बेहतरीन छोटी छुट्टी बनाती है।

यात्रा

मुंबई से लगभग 80 किलोमीटर और पुणे से 65 किलोमीटर दूर स्थित लोनावला की यात्रा अपने आप में एक सुखद अनुभव है। जैसे ही आप घुमावदार सड़कों से गुज़रते हैं, आपको खूबसूरत नज़ारे दिखाई देंगे, हरियाली से ढकी पहाड़ियां और ढलानों से नीचे गिरते छोटे-छोटे झरने। ठंडी हवा और ताज़ी हवा यात्रा को और भी मज़ेदार बना देती है।

लोनावला झील

लोनावला में मुख्य आकर्षणों में से एक लोनावला झील है। यह शांत झील पिकनिक और बोटिंग के लिए एक बेहतरीन जगह है। पहाड़ियों से घिरी यह झील आराम करने और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए एक मनोरम स्थान प्रदान करती है।

भूशी डैम

एक और लोकप्रिय जगह भूशी बांध है, जहां आप मानसून के मौसम में पानी के बहने के नज़ारे का आनंद ले सकते हैं। बांध की सीढ़ियां पर्यटकों के बैठने और अपने पैरों पर बहते ठंडे पानी का आनंद लेने के लिए एक लोकप्रिय स्थान बन जाती हैं।

प्राचीन गुफाएं

लोनावाला अपनी गुफाओं के लिए भी प्रसिद्ध है। कार्ला गुफाएं और भजा गुफाएं प्राचीन बौद्ध रॉक-कट गुफाएं हैं जो ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी की हैं। ये गुफाएं इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रमाण हैं और प्राचीन काल की स्थापत्य कला की झलक पेश करती हैं। गुफाओं के अंदर की जटिल नक्काशी और राजसी संरचनाएं वास्तव में मंत्रमुग्ध कर देने वाली हैं।

ट्रेकिंग एडवेंचर

एडवेंचर के शौकीनों के लिए, लोनावाला कई तरह के ट्रेकिंग विकल्प प्रदान करता है। राजमाची किले की ट्रेकिंग काफी लोकप्रिय है। पहाड़ी की चोटी पर स्थित यह ऐतिहासिक किला आसपास की घाटियों और पहाड़ों के शानदार नज़ारे पेश करता है। यह ट्रेक अपेक्षाकृत आसान है और इसका आनंद शुरुआती और अनुभवी ट्रेकर्स दोनों ही उठा सकते हैं।

प्रकृति की खूबसूरती

अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं, तो टाइगर लीप की यात्रा अवश्य करें। घाटी में छलांग लगाते बाघ की तरह दिखने वाला यह नज़ारा पश्चिमी घाट के लुभावने दृश्य प्रस्तुत करता है। यहां का इको पॉइंट एक अतिरिक्त आकर्षण है, जहां आप पहाड़ियों से अपनी आवाज़ को गूंजते हुए सुन सकते हैं।

स्थानीय व्यंजन

लोनावाला अपनी चिक्की के लिए भी जाना जाता है, जो गुड़ और मेवों से बनी एक पारंपरिक भारतीय मिठाई है। आप स्थानीय दुकानों में कई तरह की चिक्की पा सकते हैं, और वे घर वापस ले जाने के लिए बेहतरीन स्मृति चिन्ह हैं।

आवास

अपनी प्राकृतिक सुंदरता के अलावा, लोनावाला में कई रिसॉर्ट और होटल हैं जो आरामदायक आवास और कई तरह की सुविधाएँ प्रदान करते हैं। चाहे आप बजट में ठहरना चाहें या आलीशान रिसॉर्ट, आपको चुनने के लिए बहुत सारे विकल्प मिलेंगे।

निष्कर्ष

कुल मिलाकर, लोनावाला की यात्रा एक ताज़ा अनुभव है जो प्राकृतिक सुंदरता, रोमांच और विश्राम का एक आदर्श मिश्रण प्रदान करती है। चाहे आप परिवार, दोस्तों या अकेले यात्रा कर रहे हों, लोनावाला में सभी के लिए कुछ न कुछ है। तो, अपना बैग पैक करें और एक यादगार छुट्टी के लिए इस आकर्षक हिल स्टेशन पर चलें।

पर्सनल लाइफ में सफलता के नियम

आपके निजी जीवन में सफलता आपको अधिक खुश और संतुष्ट बना सकती है। सरल आदतें और सकारात्मक सोच बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है। चाहे आप अपने सपनों को हासिल करना चाहते हों, अपने समय का बेहतर प्रबंधन करना चाहते हों या मजबूत रिश्ते बनाना चाहते हों, छोटे-छोटे बदलाव बड़े नतीजे ला सकते हैं। यहां सात आसान टिप्स दिए गए हैं जो आपको अपने निजी जीवन में सफल होने और अधिक आनंदमय और संतुलित रोज़मर्रा की ज़िंदगी का आनंद लेने में मदद करेंगे।

1. स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें

तय करें कि आप जीवन में क्या चाहते हैं। अपने लक्ष्यों को लिखें और उन्हें प्राप्त करने के लिए एक योजना बनाएं। स्पष्ट लक्ष्य आपको केंद्रित और प्रेरित रहने में मदद करते हैं।

2. अपना समय प्रबंधित करें

अपने समय का बुद्धिमानी से उपयोग करें। एक दैनिक कार्यक्रम बनाएँ और उस पर टिके रहें। महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दें और महत्वहीन चीजों पर समय बर्बाद करने से बचें। अच्छा समय प्रबंधन अधिक उत्पादक और संतुलित जीवन की ओर ले जाता है।

3. सकारात्मक रहें

सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। अपने जीवन में अच्छी चीजों पर ध्यान केंद्रित करें और कठिन समय के दौरान भी आशावादी बने रहें। सकारात्मक सोच आपके मूड को बेहतर बना सकती है और चुनौतियों से उबरने में आपकी मदद कर सकती है।

4. अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें

स्वस्थ भोजन खाएं, नियमित रूप से व्यायाम करें और पर्याप्त नींद लें। एक खुशहाल और सफल जीवन के लिए अच्छा स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है। आराम करने के लिए समय निकालें और अपने मानसिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें।

5. लगातार सीखें

हमेशा नई चीजें सीखने की कोशिश करें। किताबें पढ़ें, कोर्स करें या कोई नया कौशल सीखें। लगातार सीखने से आपको एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने में मदद मिलती है और आपका दिमाग सक्रिय रहता है।

6. मजबूत रिश्ते बनाएं

परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं। एक-दूसरे का समर्थन करें और उनकी देखभाल करें। अच्छे रिश्ते मुश्किल समय में खुशी और सहारा देते हैं। खुलकर संवाद करें और विवादों को शांतिपूर्वक सुलझाएं।

7. आभारी रहें

आपके पास जो है उसकी सराहना करें। हर दिन उन चीज़ों को लिखें जिनके लिए आप आभारी हैं। कृतज्ञता आपको अपने जीवन से ज़्यादा खुश और संतुष्ट महसूस करने में मदद करती है।

मानसून में इंडोर और आउटडोर गार्डन की देखभाल

मानसून के दौरान इंडोर पौधों और आउटडोर गार्डन की देखभाल विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह समय उनके लिए अधिकतम ग्रोथ और प्रकृतिक विकास का होता है। यहां कुछ महत्वपूर्ण सुझाव हैं इंडोर पौधों और आउटडोर गार्डन की सही देखभाल के लिए:

इंडोर पौधों की देखभाल:

1. **पानी देना:** इंडोर पौधों को मानसून के दौरान भी नियमित रूप से पानी दें, लेकिन सुनिश्चित करें कि पौधे की जड़ें पानी से भरी न हों। जल जमा होने से रोटिंग का खतरा होता है।
2. **रोशनी की देखभाल:** इंडोर पौधों को प्राकृतिक रोशनी की आवश्यकता होती है, इसलिए उन्हें जागने वाले स्थान पर रखें जहां सूर्य की किरणें समय-समय पर पहुंच सकें।
3. **फसलों की देखभाल:** बीमारियों और कीटों के प्रकोप को रोकने के लिए पौधों को नियमित रूप से निगरानी करें। आवश्यकता पर उपचार करें।

आउटडोर गार्डन की देखभाल:

1. **पानी देना:** बारिश के दौरान, आउटडोर पौधों को अधिक पानी देने की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सुनिश्चित करें कि वे पूरी तरह से सुख जाएं पहली बारिश के बाद।
2. **मल्चा और कंपोस्ट:** पौधों को स्वस्थ रखने के लिए मल्चा और कंपोस्ट का उपयोग करें। यह पौधों के लिए मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाता है और पोषण प्रदान करता है।
3. **उचित रोपण और प्रक्षेपण:** आउटडोर पौधों को जरूरत के अनुसार सही रोपण और प्रक्षेपण करें। बारिशी सीजन में उचित प्रक्षेपण सुनिश्चित करें ताकि पौधे स्वस्थ रहें और अधिक फूलें।

वेज कटलेट खाकर मजा आ जाएगा

सामग्री:

2 कप उबले और मसले हुए आलू
1 कप मिक्स सब्ज़ियां (गाजर, मटर, बीन्स) बारीक कटी और उबली हुई
1 बारीक कटा हुआ प्याज़
2 हरी मिर्च बारीक कटी हुई
1 चम्मच कद्दूकस किया हुआ अदरक
2 बड़े चम्मच कटा हुआ धनिया पत्ता
1 चम्मच गरम मसाला
1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
1 चम्मच चाट मसाला
स्वादानुसार नमक
1 कप ब्रेड क्रम्ब्स
2 बड़े चम्मच कॉर्नफ़्लोर
तलने के लिए तेल

निर्देश:

आलू को उबालकर मसल लें।
मिक्स सब्ज़ियों (गाजर, मटर, बीन्स) को नरम होने तक उबालें।
प्याज़, हरी मिर्च और धनिया पत्ता को बारीक काट लें।

सामग्री मिलाएं:

एक बड़े कटोरे में मसले हुए आलू और उबली हुई सब्ज़ियां मिलाएं।
कटा हुआ प्याज़, हरी मिर्च, कद्दूकस किया हुआ अदरक और धनिया पत्ता डालें।
गरम मसाला, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला और नमक डालें।
सब्ज़ियों को अच्छी तरह मिलाएं।

कटलेट को आकार दें:

मिश्रण का एक छोटा हिस्सा लें और इसे चपटा, गोल पैटी का आकार दें।
शेष मिश्रण से और कटलेट बनाने के लिए इसे दोहराएं।

कटलेट को कोट करें:

एक छोटे कटोरे में, कॉर्नफ्लोर को थोड़े से पानी के साथ मिलाकर चिकना पेस्ट बनाएं।
प्रत्येक कटलेट को कॉर्नफ्लोर पेस्ट में डुबोएं, फिर उस पर ब्रेड क्रम्ब्स लगाएं।

कटलेट को तलें:

मध्यम आंच पर एक फ्राइंग पैन में तेल गरम करें।
कटलेट को बैचों में तब तक तलें जब तक कि वे दोनों तरफ से सुनहरे भूरे और कुरकुरे न हो जाएं (लगभग 3-4 मिनट प्रत्येक तरफ)।
कटलेट को तेल से निकालें और उन्हें अतिरिक्त तेल निकालने के लिए कागज़ के तौलिये पर रखें।

सर्व करें:

गर्म वेज कटलेट को केचप या हरी चटनी के साथ परोसें।
अपने स्वादिष्ट और कुरकुरे वेज कटलेट का आनंद लें!

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष: वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

वृष: यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी।

मिथुन: मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

कर्क: क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

सिंह: नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा।

कन्या: मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी।

तुला: रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक: वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें।

धनु: नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए।

मकर: संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा।

कुंभ: प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है।

मीन: कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा

जानिए शनि ग्रह की शक्ति को



ए ज्योतिष में शनि को न्याय का देवता कहा गया है। शनि विरक्ति की भावना उत्तपन्न करके आध्यात्म की तरफ मोड़ देता है राम कृष्ण परमहंस जैसे असली संत शनि ग्रह की ही देन है । शनि दुख उत्पन्न करता है, जिससे जातक खुद को सांसारिक मोह और चमक दमक से अलग करके अध्यात्म के रास्ते पर मोड़ देता है। कोई भी ग्रह जो शनि के साथ हो व्यक्ति को राजा और रंक दोनों बना सकता है।

शनि+ चंद्र*

यह योग जातक को चिंता में घेरे रखता है और खुशियों से विरक्त रखता है। व्यक्ति अपने जीवन के अच्छे से अच्छे दिनों में भी कुड़कुडाता रहता है। यह योग वैसे तो हमेशा ही कुछ ना कुछ दुख देता है। परन्तु इस योग पर बृहस्पति की दृस्टि होने से बुरे फलो में कमी आती है। खासकर अगर यह योग तुला और मकर में हो ऊपर से बृहस्पति की दृस्टि हो। भले ही चंद्र शनि का योग किसी प्रकार से शुभ हो लेकिन मानसिक उदासी तो देता ही है। शनि चंद्र का आपस मे राशि परिवर्तन केंद्र या त्रिकोण के भावो में हो तो अच्छा राजयोग बनता है व्यक्ति ऊंचाइयों पर पहुंचता है। वृश्चिक लग्न के लिए शनि व चंद्रमा का परिवर्तन अच्छा योग होता है।

प्रियंका जैन
9769994439

शनि+चंद्र और मां से रिश्ते

यह योग बताता है कि जातक या जातिका ने पूर्व जन्म में किसी स्त्री या लड़की को सताया था या नुकसान पहुंचाया था। उसकी पीड़ा इस कदर थी के इस बार उस स्त्री ने संतान के रूप में जातक को जना और उसकी मां बनकर इस जन्म में उसके साथ आई। अन्यथा वह स्त्री ने ही पूर्व जन्म में जातक को ऐसा सताया था कि वह इस जन्म में उसकी संतान बनकर आई है। इस युति में जातक व जातिका के संबध अपनी मां से अच्छे नहीं होते आर्थिक तंगी का सामना हमेशा करना पड़ता है इसका लक्षण ये माना जाए कि शनि - चंद्र से ज्यादा मजबूत है 1

किसी किसी मामले में मां जल्दी गुजर जाती है और किसी किसी मामले में वह बहुत लंबा जीती है । बदले के रूप में 14 वर्ष की उम्र में यह योग बहुत effective होता है। इतनी अधिक मानसिक चिंताओं की वजह से जातक आध्यात्म का रास्ता और विरक्ति का रस्ता अपनाता है ।

खबर संक्षेप

गुमला में नक्सलियों की साजिश नाकाम

गुमला। झारखंड के गुमला जिला में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भाकपा माओवादी द्वारा आंजन हरिनाझाड़ गांव जाने के रास्ते में बिछाया गया 35 सीरीज केन बम बरामद हुआ है। ये बम पुलिस को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया गया थी। बम निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को पांच केन बम को सड़क खोदकर निकाला और निष्क्रिय कर दिया। जबकि बाकी बचे बम को शनिवार को निष्क्रिय किया गया। बम करीब 200 फीट की दूरी तक सड़क के बीच बिछाया हुआ था। गुमला पुलिस ने इस संबंध में बताया कि बरामद सभी केन बम को रात होने की वजह से बाहर नहीं निकाला जा सका था। इसलिए शनिवार की सुबह बम निरोधक दस्ते ने बम को निष्क्रिय कर दिया। दरअसल शुक्रवार शाम को पीपी बामदा पुलिस पिकेट की फोर्स इलाके में छापामारी करने निकली थी। तभी आंजन धाम से होकर हरिनाखाड़ गांव जाने वाली सड़क पर कुछ तार दिखा।

बिहार में बनेंगे दो स्पेशल इकोनॉमिक जोन

पटना। बिहार के औद्योगीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही राज्य सरकार को बड़ी सफलता मिली है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बिहार में दो स्पेशल इकोनॉमिक जोन (SEZ) स्थापित करने पर सहमति दे दी है। इसके लिए मंत्रालय ने पश्चिमी चंपारण के कुमारबाग और बक्सर के नवानगर का निरीक्षण किया और इसे SEZ के लिए उपयुक्त पाया। यह निरीक्षण फाल्टा SEZ ने 26 और 27 जून 2024 को किया। बिहार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है।

स्कूल में गश खाकर गिरा 10वीं का छात्र, हुई मौत

दौसा। राजस्थान के दौसा जिले में दिल दहलाने वाला वाकया सामने आया है। बांदीकुई क्षेत्र के एक स्कूल में एक छात्र की चलते-चलते मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन भी सदमे में है। हालांकि, अभी छात्र की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक दौसा जिले में बांदीकुई क्षेत्र के बाढ़ बिशनपुरा स्थित ज्योतिबा फूले उच्च माध्यमिक स्कूल में यह मामला सामने आया है। 16 वर्षीय छात्र यतेंद्र उपाध्याय जैसे ही पहुंचा स्कूल तो अचानक गिर गया। तत्काल स्कूल स्टाफ ने बच्चे को संभाला। लेकिन, उसे होश नहीं आया। इसके बाद बांदीकुई उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही बच्चे का शव लेकर चले गए। ऐसे में यह पता नहीं चल पाया है कि आखिर बच्चे की मौत कैसे हुई?

छेड़खानी करता था ससुर तो हाथ-पांव खटिया से बांधकर मार डाला

कातिल बहू का कबूलनामा

एजेंसी | समस्तीपुर

समस्तीपुर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बिनगाम गांव में एक वृद्ध व्यक्ति की हत्या कर दी गयी। हत्या की जिम्मेवारी अपने ऊपर लेते हुए मृतक की पुत्रवधू ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में अनेक प्रकार की चर्चा हो रही है। इस बीच डीएसपी बीके मेधावी ने जानकारी दी कि डुमरी उत्तरी पंचायत में वृद्ध की हत्या के बाद पुत्रवधू ने जुर्म की जिम्मेवारी अपने ऊपर ली है। उसके अतिरिक्त अन्य पक्षों पर भी जांच की जा रही है।

बहू ने कबूला, ससुर की हत्या कैसे की

पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार डुमरी उत्तरी पंचायत के बिन बिनगामा गांव निवासी सूरज कुमार (35) की पत्नी प्रिया देवी (30) शुक्रवार की अहले सुबह मोहनपुर थाने में हाजिर हुई। उसने पुलिस सूत्रों को जो जानकारी दी उससे थाने में मौजूद सभी कर्मी सन्न रह गये। उसने बताया कि गुरुवार की रात उसने अपने ससुर रामनरेश महतो (64) की हत्या गला दबाकर कर दी है। गला दबाने से पूर्व उसने अपने ससुर रामनरेश महतो को दूध में नींद की 12 गोलियां डालकर उसे सुला दिया था। ससुर को नींद की गोलियां देने के अतिरिक्त प्रिया देवी ने अपने पति को भी नींद की गोलियां दे दी थी।

जब नींद की गोलियों ने दिखाई असर तो हाथ-पांव बांधकर गला दबा दिया

नींद की गोलियों से बेसुध हुए ससुर के हाथ-पांव को बहू ने खटिया से बांध दिया था। उसके बाद अकेले ही गला दबाकर मार डाला। हत्या का कारण बताते हुए महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका ससुर उसके साथ छेड़खानी करता रहता था। अपने ससुर के इस व्यवहार से वह लंबे समय से परेशान थी।

पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी

घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी अजीत कुमार त्रिवेदी, दारोगा ब्रजकिशोर सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, संजीत कुमार घटना की जानकारी फॉरेंसिक टीम को दी। सूचना के बाद फॉरेंसिक की विभाग टीम शव और घटनास्थल की जांच की। उसके बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के अन्य पक्षों पर भी अनुसंधान चल रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे मामले का पर्दाफाश हो सकेगा।

'किसी भी दशा में बख्शे न जाएं जमीन कब्जाने वाले'

▶▶ सीएम योगी का अफसरों को निर्देश

एजेंसी | गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को शनिवार को गोरखपुर में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। कहा कि भूमाफियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दग्विजियनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक.एक करके इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं।

400 लोगों से मुलाकात

योगी ने इस दौरान करीब 400 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक नस्तिारण का नर्दिश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे।

जनता दर्शन में भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत

मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या बताने वालों में महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक रही। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को नर्दिशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चन्हिति कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनश्चिति किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने नर्दिश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

यात्रियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

7 जुलाई को बोकारो से चलने वाली कई ट्रेनें रद्द

बोकारो। बोकारो के रेल यात्रियों के लिए बुरी खबर है। दक्षिण पूर्व रेलवे आद्रा मंडल में विकास कार्य होने के वजह से सात जुलाई को बोकारो रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों का रूट बदल दिया है। जानकारी के अनुसार तुपकाडीह-राजाबेरा खंड के बीच एलसी गेट संख्या-एमआर-45 के स्थान पर नार्मल हाइट सब-वे के निर्माण के लिए नौ घंटे तक ट्रैफिक -सह-पावर ब्लॉक रहेगा। इसके अलावा स्टेशन पर पैदल ऊपरी पुल का

गार्डर स्थापित करने के लिए नौ घंटे व पुरुलिया – कोटशिला खंड के बीच एलसी गेट संख्या-पीके-07 के स्थान पर लिमिटेड हाइट सब-वे के निर्माण के लिए 05.30 घंटे तक का ट्रैफिक -सह-पावर ब्लॉक सात जुलाई को करने का फैसला लिया गया है।

कई ट्रेनों का परिचालन रद्द

विकास कार्य होने की वजह से बोकारो स्टेशन से चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इसमें ट्रेन संख्या 18019/18020 (झारग्राम-धनबाद-झारग्राम) मेमू एक्सप्रेस, 13503/13504 (वर्धमान-हटिया-वर्धमान) मेमू एक्सप्रेस, 13319/13320 (दुमका-रांची-रांची) एक्सप्रेस व 08695/08696 (बोकारो-रांची-बोकारो) मेमू एक्सप्रेस शामिल हैं। वहीं, ट्रेन संख्या 18013/18014 (हावड़ा-बोकारो-हावड़ा) एक्सप्रेस 07 जुलाई को आद्रा तक ही चलेंगी।

रांची रेलवे स्टेशन से मानव तस्कर गिरफ्तार

दो नाबालिगों को हरियाणा के पोल्ट्री फार्म में जा रहा था बेचने

एजेंसी | रांची

रांची रेलवे स्टेशन से एक मानव तस्कर की गिरफ्तारी हुई है। वह दो नाबालिग लड़कियों को हरियाणा के एक पोल्ट्री फार्म में बेचने की फिराक में था लेकिन पुलिस की सतर्कता से वह इसमें कामयाब नहीं हो सका। नाबालिग बच्चियों की पहचान गंगी बोदरा (13 साल) और किरण बोदरा (14 साल) के रूप में हुई है। दोनों पश्चिम सिंहभूमि जिले के बंदगांव प्रखंड स्थित कोमडेला गांव की रहने वाली है। आरोपी अनिल मंसिद ओरेया को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए एएचटीयू कोतवाली थाना भेज दिया है।

चेकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ा मानव तस्कर

जानकारी के अनुसार रांची रेल मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 24 जून को रांची जंक्शन पर AHTU की टीम ने रेलवे पुलिस के इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा की निगरानी में चेकिंग चलाया। जहां प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन के बीच दो नाबालिग बच्चियों को एक युवक के साथ संदिग्ध अवस्था में बैठे देखा गया। जब उनसे स्टेशन पर बैठने कारण पूछा गया तो वह ठीक से जवाब नहीं दे सका। इसके बाद आरपीएफ की टीम ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

15 हजार में पोल्ट्री फार्म के मालिक से हुई थी डील

पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम अनिल मंसिद ओरेया बताया है। वह खूंटी का रहने वाला है। उन्होंने अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा कि वह हरियाणा के एक पोल्ट्री फार्म में दोनों नाबालिगों को बेचने वाला था। इसके लिए वहां के मालिक से उन्हें 15 हजार रुपये मिल चुका था। लेकिन इससे पहले की वह हरियाणा के लिए रवाना होता आरपीएफ की टीम ने उसे धर दबोचा।

बंगाल के मालदा आम के निर्यात पर असर

▶▶ घरेलू बाजार में मिल रहे बेहतर दाम

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से आमों का निर्यात इस साल प्रभावित हुआ है, क्योंकि निर्यातक विदेशी खरीदारों से बेहतर कीमत हासिल करने में विफल रहे हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि विक्रेताओं को घरेलू बाजार में आकर्षक मूल्य मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन और यूएई के आयातकों ने शुरू में रुचि दिखाई थी, हालांकि कीमत पर सहमति नहीं बनने के चलते निर्यात नहीं किया जा सका।

विक्रेताओं को घरेलू बाजार से अच्छी प्रतिक्रिया

अधिकारियों ने कहा कि दूसरी ओर विक्रेताओं को घरेलू बाजार से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और दिल्ली में एक प्रदर्शनी में लगभग 17 टन मालदा आम 100 रुपये से 150 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच बिका। कम फसल और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन के कारण थोक कीमतों में 50-80 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मालदा के बागवानी उपनिदेशक सामंत लायेक ने कहा, "इस साल, ब्रिटेन और दुबई के खरीदारों ने निर्यात सौदे रद्द कर दिए, जिन्होंने शुरू में रुचि दिखाई थी। हम जो दाम मांग रहे थे, वे उसे पूरा नहीं कर सके।" पश्चिम बंगाल निर्यातक समन्वय समिति के महासचिव उज्ज्वल साहा ने कहा कि पहले चरण में हिमसागर किस्म के 13 क्विंटल निर्यात के लिए कुछ प्रगति हुई थी, लेकिन आयातक बातचीत के अंतिम चरण में कीमत पर सहमत नहीं हो सके।

एम3एम इंडिया को नयी आवासीय परियोजना से 4,000 करोड़ की आय की उम्मीद

एजेंसी | नई दिल्ली

रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया को गुरुग्राम में अपनी नयी आवासीय परियोजना से करीब 4,000 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। कंपनी ने गुरुग्राम में गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर एक नयी आवासीय परियोजना 'एम3एम एल्टीट्यूड' शुरू की है, जहां वह 350 विशिष्ट अपार्टमेंट बनाएगी।एम3एम इस चार एकड़ की परियोजना को विकसित करने के लिए 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि बिक्री से अनुमानित राजस्व करीब 4,000 करोड़ रुपये है। कंपनी इस परियोजना में 10 करोड़ रुपये से लेकर 30 करोड़ रुपये की कीमत वाले अपार्टमेंट बेच रही है। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि वह पहले ही 1,875 करोड़ रुपये में करीब 180 इकाइयां बेच चुकी है। एम3एम समूह के अध्यक्ष सुदीप भट्ट ने कहा कि एल्टीट्यूड परियोजना के लिए ग्राहकों की काफी दिलचस्पी देखने को मिल रही है।

सोना ₹710 बढ़कर ₹73,800 पर पहुंचा

▶▶ एक किलो चांदी 1,600 बढ़कर 94,800 में बिक रही

▶▶ 78 हजार तक जा सकता है गोल्ड

एजेंसी | नई दिल्ली

सोने-चांदी की कीमतों में 6 जुलाई को तेजी है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 710 रुपए बढ़कर 73,800 रुपए पर पहुंच गया है। कल इसके दाम 73,090 रुपए प्रति दस ग्राम थे। एक्सपर्ट्स के अनुसार इस साल के आखिर तक सोना 78 हजार रुपए तक जा सकता है। वहीं एक किलो चांदी 1,600 रुपए बढ़कर 94,800 रुपए में बिक रही है। इससे पहले चांदी 93,200 रुपए किलो प्रति पर थी। महीने सोने-चांदी में अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। 30 जून को सोना 72,280 रुपए औ चांदी 90,000 रुपए पर थी।

4 महानगरों में सोने की कीमत

दिल्ली: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,950 रुपए है।

मुंबई: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,800 रुपए है।

कोलकाता: 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 67,650 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 73,800 रुपए है।

चेन्नई: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,400 रुपए है।

अब तक 9 हजार से ज्यादा बढ़े चुके हैं सोने के दाम

इस साल अब तक सोने के दाम 9,930 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ चुके हैं। साल की शुरुआत में ये 63,870 रुपए पर था। जो अब 73,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं चांदी साल की शुरुआत में 73,395 रुपए प्रति किलो पर थी। जो अब 94,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी, चांदी इस साल 21,403 रुपए बढ़ चुकी है।

ओला कैब्स में गूगल मैप्स का इस्तेमाल बंद

कंपनी अब खुद के बनाए ओला मैप्स का करेगी यूज

एजेंसी | नई दिल्ली

ऑनलाइन कैब सर्विसेज प्रोवाइड करने वाली कंपनी ओला कैब्स ने अब अपने बिजनेस में गूगल मैप्स का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद कर दिया है। कंपनी अब गूगल मैप्स की जगह अपने खुद के बनाए ओला मैप्स का यूज करेगी। ओला कैब्स के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO) भाविश अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है।

हम गूगल मैप्स से पूरी तरह से एग्जिट हो चुके हैं

भाविश अग्रवाल ने कहा, 'पिछले महीने Azure से एग्जिट होने के बाद, अब हम गूगल मैप्स से भी पूरी तरह से एग्जिट हो चुके हैं। हम गूगल मैप्स पर सालाना 100 करोड़ खर्च करते थे, लेकिन हमने इस महीने अपने इन-हाउस ओला मैप्स पर पूरी तरह से शिफ्ट होकर उस खर्च को 0 कर लिया है। अपने ओला ऐप को चेक करें और जरूरत पड़ने पर अपडेट करें। साथ ही Krutrim क्लाउड पर ओला मैप्स API अवेलेबल है। जल्द ही कई और फीचर्स आने वाले हैं – स्ट्रीट व्यू, NERFs, इनडोर इमेजेस, 3D मैप्स, ड्रोन मैप्स आदि।'

एफएमसीजी क्षेत्र में 2024-25 में 7-9 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि का अनुमान: क्रिसिल रेटिंग्स

एजेंसी | कोलकाता

दैनिक उपयोग के घरेलू सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों की राजस्व वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 7-9 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने शनिवार को रिपोर्ट जारी कर कहा कि चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अपेक्षित राजस्व वृद्धि को बिक्री की मात्रा बढ़ने से समर्थन मिलेगा। इसमें ग्रामीण मांग के पुनरुद्धार और स्थिर शहरी मांग का विशेष योगदान होगा। वित्त वर्ष 2023-24 में एफएमसीजी क्षेत्र की अनुमानित वृद्धि पांच से सात प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य एवं पेय (एफ एंड बी) खंड के लिए प्रमुख कच्चे माल की कीमतों में मामूली वृद्धि के साथ बिक्री एकल अंक में बढ़ने का अनुमान है। हालांकि, व्यक्तिगत देखभाल और घरेलू देखभाल क्षेत्रों के लिए प्रमुख कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने की संभावना है।

उत्पाद खंडों और फर्मों के लिए राजस्व वृद्धि अलग-अलग

क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक रवींद्र वर्मा ने कहा, 'उत्पाद खंडों और फर्मों के लिए राजस्व वृद्धि अलग-अलग होगी। ग्रामीण मांग में सुधार से इस वित्त वर्ष में एफएंडबी खंड में आठ-नौ प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। व्यक्तिगत देखभाल खंड में छह से सात प्रतिशत और घरेलू देखभाल में आठ से नौ प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि एफएमसीजी कंपनियां अधिग्रहण अवसरों पर नजर बनाए रखेंगी, जिससे उन्हें उत्पाद पेशकश का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

फ्रांस ने क्वार्टर फाइनल में पेनाल्टी शूटआउट में पुर्तगाल को 5-3 से किया बाहर

अधूरा रह गया रोनाल्डो का दूसरी बार यूरो चैंपियन बनने का सपना

पेनाल्टी शूटआउट

- **फ्रांस :** ओस्माने डेंबेले : गोल, वेस्ले फोफाना : गोल, जूल्स कौंडे : गोल, ब्रैडली बारकोला : गोल, थियो हर्नांडेज : गोल
- **पुर्तगाल :** रोनाल्डो : गोल, वेस्ले फोफाना : गोल, बर्नाडो सिल्वा : गोल, जोओ फेलिक्स : गोल नहीं

एजेंसी । हैम्बर्ग

क्रिस्टियानो रोनाल्डो का दूसरी बार यूरो चैंपियन बनने का सपना अधूरा रह गया। फ्रांस ने शुक्रवार देर रात पुर्तगाल को क्वार्टर फाइनल में पेनाल्टी शूटआउट में 5-3 से बाहर कर आठ साल में पहली जबकि कुल छठी बार सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया। इसके साथ ही फ्रांस ने 2016 के फाइनल में पुर्तगाल से मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया। अब फाइनल में जगह बनाने के लिए फ्रांस का सामना मंगलवार को स्पेन से होगा। स्पेन ने जर्मनी को 2-1 से बाहर किया।

निर्धारित समय तक गोल नहीं

दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। इसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद थियो हर्नांडेज ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम-16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनाल्टी शूटआउट में हार मिली थी। पर यहां किस्मत उसके साथ थी।

नहीं चला रोनाल्डो का जादू

39 वर्षीय रोनाल्डो पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि यह उनकी आखिरी यूरोपियन चैंपियनशिप है। इसमें उनका जादू नहीं चला। यह पहला मौका है जब वह टूर्नामेंट में कोई गोल नहीं कर सके। इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था। आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा। हालांकि दोनों में से निर्धारित समय तक गोल कोई नहीं कर सका।

सेमीफाइनल में अब स्पेन से होगा सामना

रोनाल्डो के यूरो में प्रदर्शन

- 2016 में टीम उनकी कप्तानी में चैंपियन बनी
- 5 टूर्नामेंट में लगातार गोल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी
- 6 बार लगातार टूर्नामेंट में खेलने वाले अकेले
- 14 रिकॉर्ड गोल दागे और कोई दस भी नहीं कर सका
- 30 सर्वाधिक मैच खेलने वाले

सीरीज में बने रहने के लिए भारत को चाहिए जीत

भारतीय महिला टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी-20 आज

एजेंसी । चेन्नई

भारतीय महिला टीम को सीरीज में बने रहने के लिए रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। हरमनप्रीत कौर की टीम को जीत की राह पर लौटने के लिए अपनी बल्लेबाजी के साथ ही क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा। मेजबान टीम को पहले मुकाबले में 12 रन से हार मिली थी। यह उसकी दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा दौरे पर पहली हार थी। उसने तीन वनडे और एकमात्र टेस्ट में मेहमान टीम को करारी शिकस्त दी थी।

दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी में विशेषकर शीर्ष क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया। ब्रिटस, लॉरा और मारिजने काप से फिर अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। शुक्रवार को चेपक की पिच औसत से बेहतर थी और रविवार को भी कमोबेश ऐसी ही रहने की उम्मीद है।

ऋचा मेडिकल टीम की निगरानी में

भारत की ऋचा घोष को शुक्रवार को सिर में चोट लगी थी। बीसीसीआई के अनुसार उन्हें कैच लेने में असफल रहने के बाद गर्दन में दर्द और चक्कर आया जिससे यह गेंद उनके चेहरे पर लगी। उन्हें स्कैन के लिए भेजा गया है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।

कनाडा ओपन बैडमिंटन

एंटोनसेन पर उलटफेर भरी जीत के साथ राजावत सेमीफाइनल में

एजेंसी । कैलगरी

भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना स्वप्निल सफर जारी रखते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाफ राजावत ने शुक्रवार देर रात शीर्ष वरीय और चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को एक घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 17-21, 21-19 से उलटफेर का शिकार बनाया।

राजावत की सबसे बड़ी जीत

राजावत ने एंटोनसेन को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने पहली बार शीर्ष दस में शुमार किसी खिलाड़ी को हराया। पहली बार कनाडा जबकि कुल दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचे राजावत का सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से होगा। वह टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय चुनौती बचे हैं।

त्रिसा-गायत्री का सफर थमा

महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। त्रिसा-गायत्री को तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की जोड़ी पेई शान हसीह और एन-त्ज़ु हंग के हाथों संघर्षपूर्ण मुकाबले में 18-21, 21-19, 16-21 से हार मिली।

गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त दूसरे स्थान पर

एजेंसी । रबात

ओलंपिक की तैयारी में लगे भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने दूसरे दौर में पांच अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे वह 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने वाले भुल्लर का कुल स्कोर आठ अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी खिलाड़ी जॉन कैटलिन से केवल एक शॉट पीछे हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में रेहान थॉमस (69-73) संयुक्त 15वें, वरुण चोपड़ा (71-74) और राशिद खान (70-75)

संयुक्त 39वें तथा वीर अहलावत (70-76) संयुक्त 48वें स्थान पर चल रहे हैं। भारत के केवल पांच खिलाड़ी ही कट में जगह बना पाए। शिव कपूर (75-72) एक शॉट से कट से चूक गए। कट से चूकने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में हनी बैसोया, खलिन जोशी, करणदीप कोचर, कार्तिक शर्मा, एस चिक्कारंगप्पा, सप्तक तलवार, एसएसपी चौरसिया, जीव मिल्खा सिंह, युवराज संधू और अजीतेश संधू शामिल हैं।

पेरिस डायमंड लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के सामने होंगे साबले और जेना

एजेंसी । पेरिस

भारत के शीर्ष स्टीपलचेस एथलीट अविनाश साबले और भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना रविवार को एक दिवसीय डायमंड लीग के पेरिस चरण में अपनी ओलंपिक तैयारियों को बेहतर करने की उम्मीद करेंगे। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पिछले कुछ समय से परेशान कर रही जांघ की समस्या के कारण इसमें हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

दोनों ही फॉर्म में नहीं

साबले और जेना दोनों ही फॉर्म में नहीं हैं और उन्होंने ओलंपिक से पहले ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है। पर अब वे पेरिस की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में एथलेटिक्स स्पर्धायें एक अगस्त से शुरू होंगी। 29 वर्षीय साबले ने अभी तक दो 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धाओं में हिस्सा लिया है। उन्होंने पोर्टलैंड में 8:21.85 और पंचकुला में 8:31.75 का समय निकाला था जबकि उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 8:11.20 है। एशियाई खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता ने कहा, ''मैंने पिछले दो साल में गलतियां की हैं। मैं दो विश्व चैंपियनशिप (2022 और 2023) में पूरी तरह फिट था। लेकिन दोनों में अच्छा नहीं कर सका। मैं सुधार करना चाहता हूं और उम्मीद करता हूं कि यह मेरा सर्वश्रेष्ठ ओलंपिक होगा।''

जेना का भी अब तक का सत्र खराब रहा है। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 76.31 मीटर और फेडरेशन कप में 75.49 मीटर के थ्रो लगाये। उन्होंने राष्ट्रीय अंतर प्रांतीय चैंपियनशिप में 80.84 मीटर से कांस्य पदक जीता था। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 87.54 मीटर है जो उन्होंने 2023 एशियाड में रजत पदक जीतकर हासिल किया था।



'राप्चिक रीटा' में नजर नहीं आएंगी हिना खान

टीवी अभिनेत्री हिना खान स्टेज थ्री के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। वह इस समय कैंसर का इलाज करवा रही हैं। हाल ही में अभिनेत्री की कीमोथेरेपी हुई है। इस बीमारी ने निजी तौर पर तो हिना को प्रभावित किया ही है, बल्कि उनके प्रोफेशनल जिंदगी को भी प्रभावित किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिना खान को अपने ट्रीटमेंट के चलते उनकी एक आगामी परियोजना से हाथ धोना पड़ गया है।

अदा शर्मा ने ली हिना की जगह!

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री हिना खान की आगामी कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म 'राप्चिक रीटा' में वह एक वकील की भूमिका निभाने वाली थीं। अब ब्रेस्ट कैंसर का पता चलने के बाद कहा जा रहा है कथित तौर पर उनकी जगह अभिनेत्री अदा शर्मा ने ले ली है।

प्रशंसकों ने की आलोचना

हिना के परियोजना से बाहर होने की खबर आने के बाद उनके प्रशंसकों ने निराशा जताई और 'डिज्नी प्लस हॉटस्टार' की आलोचना भी की। एक यूजर ने एक्स पर लिखा, वह (हिना) कैंसर से जूझ रही हैं, उनके ठीक होने का इंतजार नहीं कर सकते? यह क्रूर है।' एक और यूजर ने 'डिज्नी प्लस हॉटस्टार' को टैग करते हुए लिखा, 'शर्म आनी चाहिए।'

अक्षय की दरियादिली

बॉलीवुड के खिलाड़ी यानी अक्षय कुमार अपनी दमदार फिल्मों के साथ अपनी दरियादिली को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। अभिनेता को अक्सर जरूरतमंदों की मदद करते देखा जाता है।

इसी कड़ी में अक्षय ने ग्लोरी बावा की मदद कर हर किसी का दिल जीत लिया है। जानकारी हो कि प्रसिद्ध पंजाबी लोक गायक और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता दिवंगत गुरमीत बावा की बेटी ग्लोरी बावा ने बीते दिन आर्थिक संकट से जूझने की बात कही थी। साथ ही सोशल मीडिया पर सरकार से मदद मांगती नजर आई थीं। ऐसे में अक्षय कुमार सामने आए और एक भाई के तौर पर उनकी मदद की।

ग्लोरी बावा ने जताया आभार

मुसीबत की घड़ी में अक्षय कुमार की ओर से बढ़ाए गए मदद के हाथ से ग्लोरी बावा बेहद खुश हैं। उन्होंने अभिनेता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'मेरे पास यह समझाने के लिए शब्द नहीं हैं कि इसका मेरे लिए क्या मतलब है। अक्षय कुमार ने इसे मदद कहने से इनकार कर दिया, लेकिन एक भाई अपनी बहन के लिए कुछ तो करेगा।' यह पूछने पर कि क्या इन पैसों से उनकी आर्थिक तंगी खत्म हो जाएगी, ग्लोरी ने कहा, 'इससे निश्चित रूप से मुझे और मेरे परिवार को मदद मिलेगी। लेकिन मुझे काम चाहिए और वही मांग रही हूं। लोगों ने मुझ तक पहुंचना शुरू कर दिया है और उम्मीद है कि हमारे जैसे कलाकारों को करने के लिए कुछ ठोस मिलेगा।'

करण जौहर हैं बॉडी डिस्मॉर्फिया से पीड़ित

निर्माता-निर्देशक करण जौहर अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं। कभी अपनी फिल्मों को लेकर तो कभी बयानबाजी को लेकर। हालांकि, अब वह एक नई वजह से चर्चा में आए हैं। उन्होंने बताया कि वह बॉडी डिस्मॉर्फिया नाम के डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं और इस वजह से उन्हें खुद का शरीर देख शर्म महसूस होती है।

अपने लुक को लेकर असहज रहते हैं करण

करण ने हालिया इंटरव्यू में कहा, 'मुझे बॉडी डिस्मॉर्फिया है। मैं स्विमिंग पूल में नहीं जा सकता। मैं अपने लुक्स को लेकर असहज महसूस करता हूं। मैंने इससे उबरने की कोशिश भी की। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता आप कौन हैं, कितने सफल हैं। मैं आपको हमेशा ओवरसाइज कपड़ों में दिखूंगा। इसका एक खास कारण भी है।' उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते कि उनके शरीर का कोई भी हिस्सा दिखे, क्योंकि वह खुद को एक मोटा आदमी मानते हैं।

8 साल की उम्र से ये समस्या झेल रहे करण

करण ने कहा, 'पूल में जाने में मैं बहुत असहज हो जाता हूं। मैंने भले ही अपनी इस समस्या पर काबू पाने की पूरी कोशिश की, लेकिन मैं अब भी नहीं जानता कि इससे कैसे निजात पाई जाए, इसलिए मैं हमेशा बड़े साइज के कपड़े पहनता हूं। मैं अपना कितना ही वजन क्यों न घटा लूं, कितना ही पतला क्यों न हो जाऊं, लेकिन मुझे मैं मोटा ही लगता हूं। 8 साल की उम्र से मैं यह झेल रहा हूं।'

हमेशा गलत आदमी के प्यार में पड़ीः मनीषा कोइराला

मनीषा कोइराला की गिनती बॉलीवुड की शानदार अभिनेत्रियों में होती है। अपनी पहली ही फिल्म 'सौदागर' से दर्शकों का दिल जीतने वाली मनीषा पिछली बार निर्देशक संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आईं, जिसमें उनकी अदाकारी की खासी तारीफ हुई। मनीषा भले ही अपनी पेशवेर जिंदगी पर खुलकर बात करती हों, लेकिन निजी जिंदगी को लेकर वह कम ही मुखर रही हैं।

मुझे लगा कि मेरे साथ कुछ गड़बड़ है- मनीषा

मनीषा ने कहा, 'मैंने इस बात पर गौर किया कि मैं सिर्फ गलत लोगों के प्यार में क्यों पड़ी। मैं सोचती थी कि मैं बार-बार ऐसा क्यों कर रही हूं या फिर मेरे साथ कुछ गड़बड़ है, जो मैं सिर्फ और सिर्फ सबसे ज्यादा परेशान रहने वाले या गलत व्यक्ति की ओर आकर्षित हो रही हूं। मैंने सोचा कि सबसे पहले मुझे इस बात पर काम करना होगा कि मुझे क्या परेशान कर रहा है।'

पिछले 5-6 साल से अकेली हैं मनीषा

मनीषा बोलीं, ₹मैं पिछले 5-6 साल से अकेली हूं और मैं फिलहाल किसी के भी साथ घुलने-मिलने के मूड में नहीं हूं, क्योंकि मुझे अब भी लगता है कि मुझे खुद पर बहुत काम करने की जरूरत है।₹ हालांकि, बार-बार खराब रिश्तों में आने के बाद भी मनीषा का प्यार से भरोसा नहीं छूटा है।

त्रिपुरा में एचआईवी संक्रमण से 47 छात्रों की मौत

एजेंसी | त्रिपुरा

त्रिपुरा में एचआईवी से 47 छात्रों की मृत्यु हो गई और अब तक यहां 828 एचआईवी पॉजिटिव छात्र पाए गए हैं। इसकी जानकारी त्रिपुरा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (टीएसएसीएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी दी। उन्होंने कहा कि 828 एचआईवी पॉजिटिव में से अभी 572 छात्र अभी भी जीवित हैं। कई छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च अध्ययन के लिए त्रिपुरा से बाहर चले गए हैं।

राज्य में अब तक 828 पॉजिटिव मिले

एचआईवी के पांच से सात नए मामले सामने आ रहे

त्रिपुरा एड्स कंट्रोल सोसाइटी ने 220 स्कूलों और 24 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के ऐसे छात्रों की पहचान की है जो इंजेक्शन से नशीली दवाएं लेते हैं। टीएसएसीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इतना ही नहीं, हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग हर दिन एचआईवी के पांच से सात नए मामले सामने आ रहे हैं। त्रिपुरा जर्नलिस्ट यूनियन, वेब मीडिया फोरम और टीएसएसीएस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए, टीएसएसीएस के संयुक्त निदेशक ने त्रिपुरा में एचआईवी के समग्र परिदृश्य की एक सांख्यिकीय प्रस्तुति साझा की। उन्होंने बताया कि अब तक, 220 स्कूलों और 24 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की पहचान की गई है जहां छात्र नशीली दवाओं के दुरुपयोग के आदी पाए गए हैं। हमने राज्य भर में कुल 164 स्वास्थ्य सुविधाओं से डेटा एकत्र किया है।

एचआईवी मामलों में वृद्धि के लिए नशीली दवाएं जिम्मेदार

एचआईवी मामलों में वृद्धि के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग को जिम्मेदार ठहराते हुए भट्टाचार्जी ने कहा कि ज्यादातर मामलों में, बच्चे संपन्न परिवारों के होते हैं, जो एचआईवी से संक्रमित पाए जाते हैं। ऐसे परिवार भी हैं जहां माता-पिता दोनों सरकारी सेवा में हैं। जब तक उन्हें एहसास होता है कि उनके बच्चे नशे की चपेट में आ गए हैं, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

केवल एक मरीज ट्रांसजेंडर है

राज्य में सक्रिय मामलों की कुल संख्या पर, टीएसएसीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मई 2024 तक, हमने एआरटी (एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी) केंद्रों में 8,729 लोगों को पंजीकृत किया है। एचआईवी से पीड़ित लोगों की कुल संख्या 5,674 है। इनमें से 4,570 पुरुष हैं, जबकि 1,103 महिलाएं हैं। इनमें से केवल एक मरीज ट्रांसजेंडर है।

हाईकोर्ट ने दी 30 हफ्तों का गर्भ गिराने की अनुमति

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 31 साल की एक महिला को उसके करीब 30 हफ्तों के गर्भ को मेडिकल तरीके से हटाने की अनुमति दे दी, क्योंकि जांच के दौरान पाया गया कि भ्रूण में मानसिक विकास से जुड़ी एक बीमारी (न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑर्डर) का होना पाया गया था। शुक्रवार को इस बारे में आदेश जारी करते हुए कोर्ट ने कहा, 'कानून यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को ऐसे गर्भधारण को पूरा करने के लिए बाध्य न किया जाए, जहां बच्चा गंभीर असामान्यताओं के साथ पैदा हो।'

'एक जैसे दो बच्चों को पालना बड़ी चुनौती होगी'

याचिकाकर्ता महिला का पहला बच्चा भी इसी तरह की बीमारी से जूझ रहा है, ऐसे में कोर्ट ने कहा कि गंभीर दिव्यांगता वाले एक जैसे दो बच्चों का पालनपोषण करना बहुत बड़ी चुनौती होगी। बच्चे की बीमारी को लेकर एम्स के डॉक्टर्स के बोर्ड द्वारा तैयार रिपोर्ट को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि जांच से यह इशारा मिल रहा है कि अगर बच्चा पैदा होता है, तो 'जौबर्ट सिन्ड्रोम' के कारण उसे बहुत सी गम्भीर न्यूरोलॉजिकल (तंत्रिका संबंधी दुर्बलता) बीमारियों और स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जस्टिस संजीव नरुला ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला का पहला बच्चा भी न्यूरोलॉजिकल दिव्यांगता से ग्रस्त है, और यदि इस मामले में गर्भावस्था को मेडिकली हटाने की अनुमति नहीं दी जाती है, तो उसे और उसके परिवार को गम्भीर न्यूरो-डेवलपमेंट समस्याओं वाले दो बच्चों की देखभाल करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जो कि संभवत: बहुत मुश्किल भी होगा, क्योंकि इसके लिए व्यापक, निरन्तर और लगातार उन्नत चिकित्सा देखभाल की जरूरत पड़ेगी।

भिखारियों के संरक्षण व पुनर्वास के लिए नीति की सिफारिश

जीवन में सुधार के लिए एनएचआरसी ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने भीख मांगने वालों के संरक्षण व पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने और राष्ट्रव्यापी डाटाबेस तैयार करने समेत कई सिफारिशें की हैं। केंद्र व राज्य सरकारों को शुक्रवार को जारी इस एडवाइजरी का उद्देश्य भीख मांगने वालों के जीवन में सुधार बताया गया है।

भीख मांगने वाले व खानाबदोश लोगों की संख्या 4.13 लाख से अधिक

आयोग ने कहा है कि पूर्व की अनेक पहलों व कल्याणकारी कार्यक्रमों के बावजूद देशभर में लोगों का भीख मांगना जारी है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में भीख मांगने वाले व खानाबदोश लोगों की संख्या 4.13 लाख से अधिक थी। आयोग ने कहा है कि भीख मांगने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएं। इन पर अमल के लिए लगातार निगरानी की जाए। जबरन भीख मंगवाने वाले गिरोह पर अंकुश के लिए मानव तस्करी विरोधी कानून बनाने के उद्देश्य से समाजशास्त्रीय और आर्थिक प्रभाव का आकलन करने की भी सिफारिश की गई है।

बीआरएस : के चंद्रशेखर राव की पार्टी को बड़ा झटका

अब विधायक कृष्ण मोहन रेड्डी ने थामा कांग्रेस का हाथ

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (BRS) को बड़ा झटका लगा है। विधायक बंदला कृष्ण मोहन रेड्डी ने शनिवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया है। रेड्डी के साथ ही विधानसभा चुनाव से अब तक बीआरएस के सात विधायक कांग्रेस का हाथ थाम चुके हैं।

सीएम रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में ज्वाइन की कांग्रेस

कृष्ण मोहन रेड्डी गडवाल से विधायक हैं। उन्होंने हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी और अन्य पार्टी नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थामा।

और विधायक छोड सकते हैं बीआरएस

बीआरएस विधायकों का पार्टी छोड़ने का सिलसिला अभी थमने वाला नहीं है।अटकलें लगाई जा रही हैं कि आने वाले दिनों में बीआरएस के और भी विधायक सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

विधानसभा का गणित

पिछले साल विधानसभा चुनाव में बीआरएस ने कुल 119 विधानसभा सीटों में से 39 पर जीत हासिल की थी। वहीं कांग्रेस के खाते में 64 सीटें आई थी। इसी साल सिकंदराबाद छावनी से बीआरएस विधायक जी लास्या नंदिता की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद हुए उपचुनाव में यहां कांग्रेस ने जीत हासिल की।

जेल वाले झटके के बीच मनीष सिसोदिया को मिली थोड़ी सी राहत

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाला मामले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया के लिए शनिवार का दिन थोड़ी खुशी और थोड़ा गम लेकर आया। दिल्ली की कोर्ट ने जहां मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत एक बार फिर से बढ़ा दी, वहीं उन्हें दो राहत भी प्रदान कर दी हैं।

15 जुलाई 2024 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

जानकारी के अनुसार, 'आप' नेता मनीष सिसोदिया को शनिवार सुबह राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने सीबीआई वाले केस में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत एक बार फिर 15 जुलाई 2024 तक बढ़ा दी है। हालांकि, इस बीच कोर्ट ने सिसोदिया को विधायक निधि से अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों से संबंधित दस्तावेजों पर साइन करने की भी अनुमति दी। इसके साथ ही कोर्ट ने उन्हें अपने परिवार के खर्चों के लिए बैंक चेक पर साइन करने की भी अनुमति दे दी है।

सीबीआई ने सिसोदिया को डेढ़ साल पहले किया था गिरफ्तार

गौरतलब है कि सीबीआई ने दिल्ली में 2021-22 की शराब नीति लागू करने में कथित भ्रष्टाचार को लेकर दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी से पहले सीबीआई ने करीब 8 घंटे तक पूछताछ की थी। सीबीआई का कहना था कि शराब नीति तैयार करने और कार्यान्वयन दोनों में अनियमितताएं थीं और उसका मकसद 'आप' से जुड़े लोगों को कथित तौर पर लाभ पहुंचाना था। सीबीआई के अधिकारी सिसोदिया के जवाब से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने आरोप लगाया था कि सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे जिसके परिणामस्वरूप उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

सुरक्षाबलों-आतंकियों के बीच मुठभेड़

एक जवान शहीद

कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के मुदरघम में आतंकियों से मुठभेड़ में घायल हुआ सेना का जवान शहीद हो गया है। शनिवार की दोपहर से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। आतंकियों को गोली से घायल हुए जवान को अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। वहीं, सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी है। दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। इस ज्वाइंट ऑपरेशन को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान अंजाम दे रहे हैं। 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने खबर सामने आ रही है।

तमिलनाडु बसपा प्रदेश अध्यक्ष की हत्या

6 बाइक सवारों ने चाकू-तलवारें मारीं, 8 संदिग्ध हिरासत में

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (BSP) प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रॉन्ग की उनके घर के बाहर छह हमलावरों ने हत्या का दी। पुलिस के अनुसार, 52 साल के आर्मस्ट्रॉन्ग शाम करीब 7 बजे चेन्नई स्थित सेम्बियम इलाके के वेणुगोपाल स्ट्रीट पर अपने घर के कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार छह लोग आए और उन पर चाकू-तलवारों से हमला कर दिया। इसके बाद हमलावर भाग गए। आर्मस्ट्रॉन्ग गंभीर रूप से घायल हुए थे। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

चेन्नई में कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

पुलिस ने 8 संदिग्धों को हिरासत में लिया

पुलिस ने अब तक 8 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद से चेन्नई में तनाव की स्थिति है। शनिवार (6 जुलाई) को सैकड़ों की संख्या में बसपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने राजीव गांधी सरकारी अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया, जहां आर्मस्ट्रॉन्ग का शव पोस्टमॉर्टम के लिए रखा गया है। प्रदर्शनकारियों ने मामले की CBI जांच और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी की। विरोध-प्रदर्शन के कारण अस्पताल के बाहर मेन रोड पर भीषण जाम लग गया। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल में घुसने की कोशिश में बैरिकेड्स तोड़ दिए। इसके बाद पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया।

पीएम मोदी ने हामिद अंसारी पर आरोप लगाकर सभी संसदीय मानदंडों को तोड़ा : जयराम रमेश

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि पीएम ने पूर्व सभापति हामिद अंसारी पर दूसरे पक्ष के प्रति झुकाव रखने का आरोप लगाकर सभी संसदीय मानदंडों को तोड़ा है। पीएम मोदी ने 2 जुलाई को लोकसभा में अपने भाषण में कहा था कि 'चाहे वे (विपक्ष) कितनी भी संख्या का दावा करें, जब हम 2014 में आए थे, तो राज्यसभा में हमारी ताकत बहुत कम थी और अध्यक्ष का झुकाव कुछ हद तक दूसरी तरफ था, लेकिन हम गर्व के साथ देश की सेवा करने के अपने संकल्प से नहीं डिगे।' मोदी ने कहा था कि मैं देश की जनता से कहना चाहता हूं कि आपने जो निर्णय लिया है, आपने हमें सेवा करने का जो आदेश दिया है, न तो मोदी और न ही यह सरकार ऐसी किसी बाधा से डरेगी। हम उन संकल्पों को पूरा करेंगे, जिन्हें हासिल करने के लिए हमने कदम उठाए हैं। हालांकि, पीएम मोदी ने किसी का नाम नहीं लिया था, लेकिन पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी अगस्त 2012 से अगस्त 2017 तक राज्यसभा के सभापति थे।

स्वाति मालीवाल मारपीट मामला

बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 16 जुलाई तक बढ़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के PA बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 16 जुलाई तक बढ़ा दी है। आम आदमी पार्टी (AAP) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट केस में बिभव 18 मई को गिरफ्तार हुए थे।

स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप

बिभव पर स्वाति मालीवाल से 13 मई को सीएम आवास पर मारपीट का आरोप है। उन्हें 18 मई को CM हाउस से ही गिरफ्तार किया गया था। उसी दिन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। 24 मई को उन्हें चार दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। सके बाद उन्हें फिर से तीन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। 31 मई को कोर्ट ने बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था।

सीएम को राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया: सुनीता

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को एक्स पर वीडियो संदेश जारी कर आरोप लगाया कि केजरीवाल को राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया है। ईडी ने एक गवाह के झूठे बयान के आधार पर सीएम को गिरफ्तार किया है।

एक्स पर करीब चार मिनट का वीडियो संदेश जारी कर सुनीता केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल को सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी (एमएसआर) के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया है। वह तेदेपा के सांसद हैं और तेदेपा राजग का घटक दल है। उन्होंने कहा कि पहले एमएसआर ने बयान दिया था कि वे एक बार केजरीवाल से दिल्ली सचिवालय में मिले थे। एक एनजीओ के जमीन आवंटन को लेकर मुलाकात हुई थी। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने एमएसआर के बेटे राघव रेड्डी को गिरफ्तार किया। राघव की बेल लगातार खारिज होती रही।

पीएम मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर से की बात

भारत आने का दिया निमंत्रण; FTA पर भी हुई चर्चा

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर से बात की और उन्हें पीएम चुने जाने पर बधाई दी। गौरतलब है कि ब्रिटेन में हुए हालिया आम चुनावों में लेबर पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए 650 में से 412 सीटों पर कब्जा जमाया और 14 साल बाद सत्ता में वापसी की है। लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता किएर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री चुने गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को उनसे बात करते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने और चुनाव में लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी।

भारत आने का दिया निमंत्रण

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार दोनों

राष्ट्राध्यक्षों ने भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए यानी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को जल्द फाइनल करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति जताई।

दिमाग खाने वाले अमीबा का चौथा केस मिला

एजेंसी | कोझिकोड

केरल में दिमाग खाने वाले अमीबा के संक्रमण का चौथा मामला सामने आया है। 'अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस दूषित जल में पाए जाने वाले अमीबा से होता है। एक अस्पताल के सूत्रों ने शनिवार को बताया, उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले का पय्योली निवासी 14 वर्षीय किशोर इस संक्रमण से पीड़ित है। उसी अस्पताल में किशोर का उपचार किया जा रहा है। मई के बाद से राज्य में अमीबा से होने वाले संक्रमण का यह चौथा मामला है।

पहले के मामलों में तीनों बच्चों की हो चुकी है मौत

अब तक के मामलों में बच्चे ही इससे पीड़ित हुए हैं। पहले के मामलों में तीनों बच्चों की मौत हो चुकी है। किशोर का इलाज कर रहे एक चिकित्सक ने कहा कि उसे एक जुलाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उसकी हालत में सुधार हो रहा है। किशोर में संक्रमण की शीघ्र पहचान कर ली गई और विदेश से दवाइयां मंगाने सहित अन्य उपचार दिए गए। इससे पहले, बुधवार रात 14 वर्षीय एक किशोर की इसी संक्रमण

से मौत हो गई थी, मलप्पुरम की पांच वर्षीय लड़की और कन्नूर की 13 वर्षीय किशोरी की क्रमशः 21 मई और 25 जून को मृत्यु हो गई थी। संक्रमण के मामले बढ़ने के बीच केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को एक बैठक की जिसमें संक्रमण को रोकने के लिए गंदे जलाशयों में न नहाने सहित कई सुझाव दिए गए।

न्यूज़ ब्रीफ

धूमधाम से मनाया गया दलाई लामा का जन्मदिन

धर्मशाला। तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा का 89वां जन्मदिन हिमाचल प्रदेश में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अपने जन्मदिन संदेश में उन्होंने कहा कि वे शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं और भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के प्रति अपनी सेवा जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। फिलहाल दलाई लामा अमेरिका में हैं, जहां वे घुटने की सर्जरी से उबर रहे हैं। तिब्बतियन स्कूल में उनकी लंबी आयु के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मैकलोडगंज में उनके जन्मदिन समारोह में सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, साथ ही अरुणाचल प्रदेश से लोकसभा सदस्य तापिर गाओ, सिक्किम विधानसभा के अध्यक्ष मिंगमा नोरबू शेरपा, ओंटारियो राज्य संसद के उपाध्यक्ष भुटिला करपोचे, सिक्किम के कुछ मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

पाकिस्तानी राजनयिक के रसोइये पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज

नई दिल्ली। पाकिस्तानी राजनयिक के रसोइए पर मध्य दिल्ली के तिलक मार्ग इलाके में स्थित उनके आधिकारिक आवास पर काम करने वाली भारतीय घरेलू सहायिका से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नई दिल्ली जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत 28 जून को 54 वर्षीय आरोपी रसोइया मिन्हाज हुसैन द्वारा पीड़िता के साथ छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत मिली थी। आरोपी पाकिस्तानी नागरिक है।

जालसाजों को बैंक खाता बेचने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिणी पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने शुक्रवार को बैंक खाता खुलवाकर जालसाजों को बेचने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान बुराड़ी के कमल विहार निवासी आदित्य उर्फ एड्डी के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपी पश्चिम बंगाल, झारखंड के अलावा जामताड़ा में बैठे जालसाजों को बैंक खाते बेचता था। इतना ही नहीं वह जालसाजों द्वारा दिए गए पते पर बैंक खातों की पूरी किट भी भेज देता था। इसके पास से विभिन्न वारदातों में इस्तेमाल एक मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद हुआ है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि 16 जून को सफदरजंग एन्क्लेव निवासी शिकायतकर्ता शिव शंकर ने एनसीआरपी पोर्टल पर बिजली के बिल जमा करने के नाम पर ऑनलाइन करीब छह लाख की ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी निकाली तो पता चला कि ठगी की रकम तीन अलग-अलग खाते में भेजी गई है।